e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 113

गुरुवार

25.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

बड़ों का आर्शीवाद लें, क्योंकि अंत तक यही आपके साथ रहता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### शिमला में पांच दिन बिताएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**शिमला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार से आठ मई तक हिमाचल की राजधानी शिमला में रहेंगी। पांच दिवसीय यात्रा के दौरान वह शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी। शिमला से प्रवास पर राष्ट्रपति यहां के विख्यात व ऐतिहासिक संकट मोचन और तारादेवी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर बुधवार को बुलाई एक बैठक में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 4 मई को दिल्ली से शिमला पहुंचेगी और अपने आधिकारिक निवास स्थान दी रिट्रीट में रुकेंगी। 5 मई को राष्ट्रपति कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी।

### 10.48 करोड़ रुपये का सोना जब्त, दो विदेशी सहित चार गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने दक्षिण मुंबई में स्थित झवेरी बाजार में सोना पिघलाने वाली एक फैक्टरी में छापा मारकर 10.48 करोड़ रुपये का सोना और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। डीआरआई ने यहां दो अफ्रीकी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को बताया कि डीआरआई को एक इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाए गए सोने को विदेशी चिह्नों को हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में स्थित एक फैक्टरी में सोने को पिघलाया जाता है। विदेशी चिन्ह हटने के बाद सोने को स्थानीय बाजार में बेच दिया जाता है। इसी जानकारी के आधार पर सोमवार को डीआरआई की टीम ने झवेरी बाजार स्थित फैक्टरी में छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया और वहां पिघलाने के लिए लाया गया 9.31 किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत 10.48 करोड़ रुपये आंकी गई जब्त किया गया। इसके अलावा 16.66 किलोग्राम चांदी और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर बरामद किया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### झामुमो ने हेमलाल मुर्मू को बनाया केन्द्रीय प्रवक्ता

**रांची:** झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन के आदेशानुसार हेमलाल मुर्मू को केन्द्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया गया है। इस संबंध में पार्टी ने 24 अप्रैल दिन बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी।पार्टी द्वारा जारी किए गए अधिसूचना पत्र में लिखा है,अध्यक्ष केन्द्रीय समिति शिबू सोरेन के निदेशानुसार हेमलाल मुर्मू केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य को पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया जाता है। यह नियुक्ति, पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. आज वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे. 2019 के लोकसभा चुनाव में डिंपल यादव ने सपा के टिकट पर कन्नौज से चुनाव लड़ा था. हालांकि. वह बीजेपी के सुब्रत पाठक से चुनाव हार गईं थीं. अखिलेश यादव ने कन्नौज से पहले अपने भतीजे तेज प्रताव यादव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी. समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बुधवार शाम को एक पोस्ट में कहा,अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 41° |
| न्युनतम | 22° |

## लोकसभा चुनाव 2024 : आरोप-प्रत्यारोप के बीच जारी है धुआंधार प्रचार

# कांग्रेस को संविधान से नफरत : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**भोपाल :** पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हो, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय में एमपी की पहचान बीमारू राज्य की थी।

आज वही मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार में विकास की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में केन बेतवा लिंक योजना का एतिहासिक काम शुरू हो गया है। एमपी में अच्छे हाइवे का नेटवर्क बनाया जा रहा है। नर्मदा प्रगति पथ और विंध्य प्रगति पथ और मध्य भारत प्रगति पथ हो बुंदेलखंड प्रगित पथ अब नए मध्य प्रदेश की पहचान बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस की एक ऐसी सच्चाई देश के सामने आई है, जिसे सुनकर हर देशवासी सन्न हो गया है। हमारा संविधान साफ-साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। खुद बाबा साहेब अंबेडकर भी धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस ने वर्षों पहले धर्म के आधार पर आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया था। वो अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए भांति भांति के हथकंडे अपना रही है।पीएम मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश के संविधान से नफरत है। इनको भारत की पहचान से नफरत है।

### नितिन गडकरी अचानक बेहोश हुए



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में बोलते समय बेहोश हो गए। भाजपा नेता पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे। यह यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जैसे ही वे बेहोश हुए, उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और अपना भाषण पूरा किया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के पुसाद में एक रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई, लेकिन अब मैं पूरी तरह से ठीक हूं।



### पीएम मोदी पर भड़के राजद नेता



राजद नेता मनोज कुमार झा ने बताया कि लड़ाई विपक्षी गठबंधन और एनडीए के बीच है। उन्होंने कहा कि आज बिहार के कोने-कोने अगर आप बच्चों से पूछेंगे कि नौकरी मतलब तो वो बोलेंगे तेजस्वी यादव। यह हासिल कैसे हुआ है, यह समर्पण से हासिल हुआ है। उनको अपनी जिम्मेदारी पता है। प्रधानमंत्री मोदी रोजगार, महंगाई की बात करें। वे देश के दिल को जोड़ने वाली बात करें।



### मौन मतदाताओं से डर गये हैं मोदी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन मतदाताओं से डर गये हैं। इसलिए वह पार्टी की लगातार आलोचना कर रहे हैं। खरगे ने सवाल किया कि अगर कांग्रेस कुछ है ही नहीं तो प्रधानमंत्री क्यों इसे लेकर चिंतित हैं? उन्होंने बताया कि वह लगभग 10 से 12 राज्यों का दौरा कर चुके हैं और कांग्रेस को हर जगह से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, मुझे खामोश लहर की उम्मीद है। मैं कह सकता हूं कि यह खामोश लहर (अंडरकरंट) दिखाई नहीं दे रही है लेकिन मोदी जी इन मौन मतदाताओं से डरते हैं और यही कारण है कि वह हमेशा कांग्रेस की आलोचना करते रहते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के इतिहास के बारे में और अधिक पढ़ने की सलाह दी है।

## वन क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों के आसपास वनरक्षी रहें सतर्क : के. रवि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के वन क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आस-पास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर ताल-मेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों, शराब इत्यादि की आवाजाही पर रोक लगाएं एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एन के सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एस आर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### शहरी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का हो रहा प्रयास

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। खासकर संभ्रांत लोगों को मतदान के लिए घर से निकल बूथ तक जाकर मतदान करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे थे। कुमार ने कहा कि इसके लिए हाउसिंग सोसायटी आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है। वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत भी लोगों से लगातार संपर्क कर मतदान की महता से अवगत कराने के साथ मतदान के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। इसे लेकर स्वीप का का कार्यक्रम भी लगातार जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के लिए शहरी क्षेत्र में जागरुकता बढ़ी है। यही कारण है कि शहरी क्षेत्र से वोटर निबंधन का आवेदन (फार्म-6) सर्वाधिक प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में वोटर निबंधन के लिए फार्म-6 भरने की समयावधि समाप्त हो चुकी है।

## अंतरिम जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है. शीर्ष अदालत में हेमंत सोरेन ने कहा कि हाईकोर्ट से फैसला लंबित है. उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने का मौका नहीं मिल रहा है. हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था. इस पर कोई फैसला नहीं आया है. अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन की ओर से गुहार लगाई गई है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की भी मांग की है. हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था. ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी. लेकिन, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा था.

## घूस लेते पंचायत सेवक को एसीबी ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के चटकपुर पंचायत के रहने वाले मनोज प्रजापति को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मती की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद अंतिम भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी। परंतु पंचायत सेवक के द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी. परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की।एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद जब लाभुक के द्वारा लगाए गए आरोप में सत्यता पाई तो बुधवार को 4000 रुपए देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक उस समय बाजार में ही था. पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लेकर अपने पॉकेट में रखा।वैसे ही पहले से घात लगाकर बैठी एसीबी की टीम ने पंचायत सेवक को धर दबोचा।जब पैसे की मिलान की गई तो पंचायत सेवक के पास वही पैसा पाया गया जो नोट निगरानी की टीम ने लाभुक को दिया था। इसके बाद निगरानी की टीम ने आरोपी पंचायत सेवक को आवश्यक छानबीन के बाद गिरफ्तार कर लिया और उसे अपने साथ पलामू ले गए। पंचायत सेवक को रिश्वत लेते गिरफ्तार होने की घटना के बाद कर्मियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लाभुकों की मानें तो मनरेगा योजना का हाल ऐसा हो गया है कि बिना रिश्वत के एक पैसा भी भुगतान होना संभव नहीं होता।

## एक ही परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक, मां-बेटी गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिला के राजमहल से मानवता को शर्मसार करते हुए एक महिला सहित उनके परिवार के चार लोगों पर एसिड से अटैक किया गया। घायल महिला के भाई के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। घायलों का इलाज धनबाद में चल रहा है। घटना में महिला एवं उनकी 15 वर्षीय बेटी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक छानबीन में यह बात सामने आई है की गिरफ्तार आरोपित का महिला के साथ अवैध संबंध था। तथा महिला का अन्य लोगों से बातचीत करना उक्त युवक को खराब लगा जिसके कारण युवक ने उक्त घटना को अंजाम दिया। फिलहाल मामले में पुलिस पूरे तथ्यों की सघनता से जांच कर रही है। एसिड अटैक ममले में वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार ने गुदारा घाट स्थित फैक्ट्री का निरीक्षण किया। विदित को की छत पर सो रही महिला सहित चार लोगों पर एसिड से हमला करने के मामले में अपराध स्वीकार करने वाले मनीष कुमार ने पुलिस के समक्ष बयान दिया है कि वह गुदारा घाट के समीप एक एसिड व टॉयलेट क्लीनर बनाने का काम एक फैक्ट्री में करता था। जहां से उसने एसिड लाकर महिला सहित महिला के परिवार वालों पर हमला किया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि एसिड काण्ड के सभी पीडितों को अनुमड़लीय अस्पताल राजमहल में प्राथमिकी उपचार के उपरान्त बेहतर ईलाज हेतु उच्चतर चिकित्सा संस्थान भेजा गया है। पीडितों को विक्टिम कम्पनशेषन स्कीम के तहत मुआवजा हेतु प्रस्ताव उचित माध्यम से समर्पित किया गया है।

# सैम पित्रोदा के बयान पर देश में मचा बवाल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स का मुद्दा छेड़कर सुर्खियों में छा गए हैं. कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने अमेरिका के विरासत टैक्स की वकालत की है, जिसके बाद उनकी इस टिप्पणी को लेकर बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है. पित्रोदा के बयान के बाद अमित शाह ने कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सैम पित्रोदा के बयान के बाद पूरी तरह बेनकाब हो गई है. सबसे पहले घोषणापत्र, फिर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पुराना बयान कि हम देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का मानते हैं और अब इनके घोषणापत्र बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैम पित्रोदा का बयान कि संपत्ति के बंटवारे पर विचार होना चाहिए.अमित शाह ने कहा,जब पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठाया तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस बैकफुट पर आ गई लेकिन सैम पित्रोदा के बयान ने इनका मकसद स्पष्ट कर दिया है कि वे देश की जनता की संपत्ति का सर्वे कर उनकी निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर यूपीए के शासनकाल में उन्होंने जो प्राथमिकता तय की थी कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों और उसमें भी मुसलमानों का है, उनमें बांटना चाहते हैं.

### भाजपा द्वारा ध्यान भटकने की कोशिश पित्रोदा

पित्रोदा ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैंने जो निजी तौर पर अमेरिका में विरासत टैक्स पर कहा उसे भाजपा की ओर से कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर फैलाए जा रहे झूठ से ध्यान भटकाने के लिए गोदी मीडिया ने गलत तरह तोड़-मरोड़ कर पेश किया.

### सैम पित्रोदा के बचाव में उतरी कांग्रेस

नई दिल्ली : कांग्रेस खुलकर पित्रोदा के बचाव में उतर आई है.सैम पित्रोदा के बयान पर बीजेपी के हंगामे पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारे देश में संविधान है. हमारी ऐसी कोई मंशा नहीं है. बीजेपी सिर्फ वोट के लिए ऐसा कर रही है.जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा दुनियाभर में कई लोगों के मेंटर, दोस्त और गाइड रहे हैं. इनमें मैं भी शामिल हूं. उन्होंने देश के विकास में कई अहम योगदान दिए हैं. वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. वह खुलकर मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं. जयराम रमेश ने कहा कि लोकतंत्र में हर शख्स को उनके निजी विचारों पर चर्चा करने और अपनी राय रखने की स्वतंत्रता है. लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि पित्रोदा के विचार हमेशा कांग्रेस की राय से मेल खाते हो.

### झारखंड में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### प्रतापपुर पुलिस की बड़ी सफलता 24 घण्टे के भीतर आरोपी पति को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर ही आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दहेज के लिए अपने पत्नी को गला दबाकर हत्या कर दिया था। व साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को जलाने के प्रयास किया था। जैसे ही इसकी सूचना प्रतापपुर पुलिस को मिली पुलिस तत्वकरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अखिलेश कुमार पिता द्वरिक यादव को 24 घण्टे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। अखिलेश अपनी पत्नी को दो लाख रुपए देहज मायके से लाने के लिए प्रताड़ना करते रहता था। प्रतापपुर पुलिस ने बताया कि अन्य और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** प्रखंड क्षेत्र में अलग अलग दो दुर्घटनाओं में एक ब्यक्ति कि मौत हो गयी। वही एक दर्जन से अधिक लोग घयल हो गए। पहली घटना नेशनल हाईवे फोर लाइन उदयगढ़ मोड़ के पास घटी वही तेज गति से जा रही एक स्कोर्पियो ने टेम्पू में धक्का मार दिया जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए।स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया जहाँ के गम्भीर जख्मी को डाल्टनगंज एमेनसीएच भेज गया है। दूसरी घटना छतरपुर जपला मुख्यपथ के गोपालपुर में घटी दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गया जिसमें एक युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनो आपस मे विपरीत दिशा से वापस लौट रहे थे वही गोपालपुर के पास आपस मे टकरा गए। जिम छोटू यादव 22वर्षीय डुमरिया बिहार का रहने वाला की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। वही धर्मेंद्र विश्वकर्मा 22 वर्ष बगैया, सुगन्धि कुमारी 13 वर्ष बगैया, अवधेश यादव 22 वर्ष कवाल, सुनैना कुवर 60 वर्ष बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वही दूसरी घटना में तेतरी देवी तुड़वा, अनिल राम रूद्ध, काजल कुमार रूद्ध, आरती देवी छिछोडी, वरणी देवी, 20 वर्ष चिरु, अशोक कुमार चिरु, प्रकाश राम, विशेश्वर राम, सुमन कुमारी, रूपेश कुमार गम्भीर रूप से जख्मी हो गए सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया है।

## हम सांसद नहीं मंत्री बनाएंगे : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के नॉमिनेशन हेतु प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में काफी संख्या में गाजा बाजा के साथ भाजपा की पदाधिकारी, महिलाएं, युवा, लड़कियां केसरिया रंग का साफा पहने पैदल एवं मोटरसाइकिल चलाते भाजपा का झंडा लिए काफी संख्या में रैली में शामिल हुई, जो आकर्षण का केंद्र था। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम भाजपा एवं शहर की आम महिलाए अपने सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजय कर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ताकि हमारे सांसद इस बार सांसद नहीं मंत्री बनें और हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास हो। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा में भाजपा लहर है। यहां से वीडी राम अपार मतों से विजई होंगे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ नवदिवसीय श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ







**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के सोपारम गांव में आयोजित नवदिवसीय श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ। इस शुभ अवसर पर सोपारम गांव के अलावे और कई गांव से आए लगभग हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। भव्य कलश यात्रा मंदिर प्रांगण सोपारम से निकलकर पूरे गांव भ्रमण कर कोयद एवं बरकुटे गांव होते हुए चतरा एवं लातेहार सीमा पर स्थित मुकुंदा नदी पहुंची। जहां पर मुख्य यज्ञ आचार्य जय नारायण मिश्र एवं उनके सहयोगियों के द्वारा विधिवत मां गंगा की पूजा की गई। उसके उपरांत कलश में जल भर कर यज्ञ मंडप में प्रतिष्ठित किया गया। इस बीच शोभा यात्रा में शामिल हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर बम बम इत्यादि भक्ति मय गगन भेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। आपको बताते चले की 24 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस, श्री रूद्र माहा चंडी महायज्ञ का विधिवत समापन दो मई को किया जाना सुनिश्चित है। साथ ही महायज्ञ में प्रत्येक रात्रि में जगतगुरु श्री राम दिनेशाचार्य जी महाराज के द्वारा मधुर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर महायज्ञ आयोजन समिति ने सभी सनातन धर्मालंबियों से यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए विनम्र आग्रह की है।

## हुसैनाबाद में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

### जल के अभाव में जनता की जा सकती है जान : ग्यासुद्दीन सिद्दकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत आज से दस दिनों से अधिक समय से यह भीषण गर्मी में पानी के अभाव में हुसैनाबाद की जनता बाल्टी डब्बा बोतल लेकर दुसरे के दरवाजा दर दर भटक रहे हैं एवं खटखटा रहे हैं फिर भी प्यास नहीं बुझती वहीं हुसैनाबाद नीव वर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्ज्ञासुदीन सिद्दकी ने जनता को त्राहिमाम त्राहिमाम देखते हुए एक लिखित आवेदन प्रतिलिपि पत्र पलामू उपायुक्त महोदय हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर पंचायत कार्यालय पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत आज से 18/ 4/ 2024 से सप्लाई पानी बंद होने के कारण यहा की जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कितने बार मौखिक पुछे जाने पर आश्वासन मिलाता है कि मोटर में खराबी आने के कारण पानी सप्लाई में समस्या उत्पन्न हो रही हैं बोरिंग मोटर ठीक होने पर पानी सप्लाई तत्कालीन शुरू कर दिया जाएगा मौके पर मोहम्मद वसीम खान प्रभात पाल अखिलेश कुमार आशू सिद्दकी सोनु कुमार अनिल कुमार सेन्टु कुमार शिवली कुमार अजय कुमार सिंह मुन्ना कुमार सुदामा कुमार पासवान बिक्रमा कुमार नन्हकू राम गोपाल यादव अरविंद कुमार शर्मा रामलाल विश्वकर्मा अभिषेक कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे

## हुसैनाबाद नगर पंचायत ने शहर में शुरू कराई टैंकर से जलापूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में जल संकट शुरू हो गया है। इस कारण शहर के कई मुहल्लों के लोग परेशान हैं। वही देवरी स्थित सोननदी से होने वाले पानी सप्लाई भी शहर में विगत कई दिनों से बंद है। तेज धूप व तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इस वजह से नदी-नाले सूख रहे है। शहर के ड्राइजोन इलाके में रहने वाले लोगों की परेशानी अधिक है।ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगर पंचायत ने प्रशासन पहल शुरू कर दी है। लोगों को जल संकट से राहत मिले इसके लिए नगर प्रशासन के द्वारा टैंकर से जलापूर्ति शुरू कर दी गयी है।नगर पंचायत द्वारा प्रशासन द्वारा फिलहाल शहर के दो वार्डो को चिन्हित कर जलापूर्ति शुरू करायी गयी है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी ने बताया कि शहर के खगड़िया मुहल्ला और खलीफा मुहल्ला में फिलहाल टैंकर से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। जरूरत पड़ने पर इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी।नगर पंचायत प्रशासन का यह प्रयास है कि लोगों को जल संकट से राहत दिलाये। इसी उद्देश्य को लेकर जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। वहीं खराब चापानलों की मरम्मत करायी जा रही है।उन्होंने बताया कि यथा शीघ्र देवरी स्थित पंप हाउस से भी पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## सरकारी रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुवे जांचोपरांत कार्रवाई करने की किया है मांग

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर गांव के ही अशोक पासवान पर सरकारी रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने की मांग किया है।एसडीओ को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम सलसलादी स्थित यज्ञशाला से प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर तक सरकारी पथ बना हुआ है। जिसके कुछ भाग को अशोक पासवान अपना जमीन बताकर अवरुद्ध कर दिये हैं। जिसके कारण हमलोगों का रास्ता बंद हो गया है। रास्ता बंद होने के कारण विद्यालय तक वर्तमान में कोई वाहन नही जा सकता है।आंगनवाड़ी केंद्र तक पोषाहार व विद्यालय तक मिडडेमील का राशन भी दूर उतारकर पहुंचाया जाता है।चुनाव के लिये भी मतदानकर्मी विद्यालय तक नही जा सकते हैं। पूर्व में ग्रामीणों द्वारा थाना में भी आवेदन दिया गया था।थाना द्वारा अशोक पासवान को रास्ता खोलने के लिये कहा गया तथा संधी पत्र भी दिया गया था। कार्रवाई के बाद दो माह के लिये रास्ता खोलकर पुनः बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने उक्त आशय की प्रति अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को भी दिया है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में नाथू राम, नंदगोपाल कुमार, प्रभु राम, रामप्रताप कुमार, राधेश्याम राम सहित अन्य के नाम शामिल है।

## मानव श्रृंखला बनाकर चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को बीडीओ रश्मि रेखा मिंज के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अम्बेडकर चौक से लंबी मानव श्रृंखला बनाकर लोकतंत्र रैली निकाली गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर राधेश्याम अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर बलराम सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय कुमार, स्वास्थ्य कर्मी, विद्यालय के सैंकड़ों छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों की टोली ने मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखे तख्तियों को लेकर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे।वही बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। कहा कि क्षेत्र के सभी मतदाता अपने कर्तव्य का निर्वहन करते अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और एक मजबूत लोकतंत्र दें। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर उपस्थित लोगों को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई और क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की। मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, मनरेगा कर्मियों के साथ जल सहिया शामिल रहे।

# गजब का कानून गजब का खेल दबंग बाहर गरीब को मिले जेल

- नाबालिक की माता ने 13 फरवरी को की थी सिमरिया थाना में लिखित शिकायत
- एक टुटीलावा और एक जरही जांगी में की गयी थी बलात्कार का जघन्य अपराध
- 3 से चार महीने बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस के पकड़ से है बाहर
- न्याय की दोहरी नीति से गरीब ग्रामीण हैं डरे सहमें, क्या पता किसकी होगी अगली बारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के टुटीलावा गांव के संजय पांडेय द्वारा एक नाबालिक युवती से बलात्कार का मामला 13 फरवरी 2024 को सामने आया था। जहां भुक्तभोगी के माता ने लिखित आवेदन देकर गिरफ्तारी की मांग करते हुए कानूनन सजा दिलाने की मांग की थी। किन्तु आरोपी संजय पांडेय की सिमरिया थाना द्वारा अभी तक गिरफ्तारी नहीं कि गयी है। इसके पीछे क्या रहस्य है यह ग्रामीणों को अबूझ पहेली सी लग रही है। हालांकि सिमरिया थाना द्वारा न्यालय के आदेशानुसार आरोपी संजय पांडेय के घर में दो माह के बाद डुगडुगी बजा कर सशरीर हाजिर होने का इश्तेहार चिपकाया गया था। किंतु यह इश्तेहार महज एक कागज का टुकड़ा बन कर रहा गया है। आरोपी घर तो आता है परंतु आराम से रात्रि बिता सुबह को गायब हो जाता है। विशेष जानकारी के अनुशार सिमरिया थाना में वर्षो से जमें एक एएसआई द्वारा आरोपी का संरक्षण प्राप्त है। जिसका नतीजा है कि आरोपी को बाल बांका भी नहीं बिगाड़ा जा सकता है। एएसआई का रौब और दबंगई का चर्चा पूरे थाना क्षेत्र में आम है।लोग अब उसे लोहा मानने लगे हैं कि सभी को ट्रांसफर किया जा चुका किन्तु यही एक एएसआई है जो अपनी ताकत का एहसास पूरे थाना क्षेत्र में दिखा दिया है। विभाग से लेकर चुनाव कमीशन तक इन्हें ट्रांसफर नहीं कर पाई है। दुशरी ओर जांगी जरही की रहने वाली एक 28 वर्षीय महिला के साथ दो लोगों ने सामूहिक बलात्कार का मामला भुक्तभोगी ने लगाया था। जहां भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन देकर सिमरिया थाना को गिरफ्तारी की मांग की थी। परन्तु इस मामले में भी आरोपी प्यारे लाल और राजेंद्र कुशवाहा को अभी तक गिरफ्तारी का कोई सूचना नहीं है। वैसे में गजब का कानून गजब का खेल, दबंग बाहर गरीब को मिले जेल वाली कहावत सामने आता दिख रहा है।

## जलडेगा अंचल अधिकारी से मिले चीक बड़ाईक उत्थान समिति के शिष्टमंडल



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चीक बड़ाईक उत्थान समिति जलडेगा का एक शिष्टमंडल जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार से मिला। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष माघु बड़ाईक, सचिव फिरनाथ बड़ाईक, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बड़ाईक, सहसचिव राम चीक बड़ाईक एवं समाज के संरक्षक चतुर बड़ाईक शामिल थे। इस दौरान सबने पुष्प गुच्छ भेंट कर अंचल अधिकारी महोदय का स्वागत किया तत्पश्चात समाज के विभिन्न समस्याओं पर साकारात्मक चर्चा हुई। मुख्य रूप से समाज के सदस्यों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इस पर अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक महोदय से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। दोनों ने आश्वस्त कराया कि यथासंभव हमारा प्रयास होगा कि निश्चित प्रक्रिया के तहत आने वाले एवं साफ सुथरे आवेदन पर किसी प्रकार का अड़चन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आप प्रक्रिया के तहत आवेदन भेजें आपका जाति प्रमाण पत्र में कोई अड़चन नहीं होगा।

## बिस्कोमान का चुनाव निर्विरोध जीते प्रफुल सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बिस्कोमान (बिहार-झारखंड) की विशेष आम-सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए सोमवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया गया. डाल्टनगंज सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समझ प्रफुल कुमार सिंह ने नामांकन पर्चा दाखिल किया. प्रफुल के खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं भरा इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड के मूल निवासी हैं।चुनाव जीतने के बाद, प्रफुल ने झारखंड सरकार से मांग की कि यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिए बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित की जाए ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पड़े और साथ ही लाभकारी मूल्य पर उन्हें खाद मिल सके। प्रफुल अविभाजित बिहार के सम्मानित सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश सिंह के बेटे हैं। अवधेश बाबू एक प्रमुख सहकारी नेता थे, जिन्होंने अपने कॉलेज के दिनों से ही अविभाजित बिहार के पलामू जिले के दूरदराज के इलाकों में सहकारी आंदोलन का नेतृत्व किया था। अपनी साधारण साइकिल पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते समय, वह हमेशा किसानों को सहकारी समितियों में संगठित होने के लिए प्रोत्साहित करते थे और उनके जीवन को बदलने में सहकारी मॉडल की श्रेष्ठता पर जोर देते थे। अवधेश बाबू 1970 में जिला सहकारिता बैंक के सचिव बने। बाद में वे 1972 में विधायक और सहकारी बैंक के निदेशक बने। 1977 से, वह 1989 तक सहकारी बैंक, बिस्कोमान, भूमि विकास बैंक और हाउसिंग बोर्ड के निदेशक थे। वह 1995-2000 तक बिहार के सहकारिता मंत्री थे।

# इएलसी के सदस्यों के बीच मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत इएलसी के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. मास्टर ट्रेनर कौशल कुमार तथा जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म7, के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दिया. शिक्षकों की मदद से डेमोक्रेसी रूम तैयार किया गया साथ ही साथ सभी छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग एवं नैतिक मतदान के बारे में जानकारी दिया. छात्राओं को सांप सीढी, भुलभुलैया जैसे खेलो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की जानकारी दिया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार, शिक्षक महमूद आलम, पूजा पांडेय, माधुरी कुमारी, मीरा कुमारी, छात्रा खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी, आशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचला कुमारी, रानी कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### आर्म्स एक्ट के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में जयनाथ साहू बरी

**रांची :** ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट मान्या टंडन की अदालत ने बुधवार को कुख्यात अपराधी जयनाथ साहू को आर्म्स एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 25 वर्ष पुराना है, जिसमें रांची के लापुंग थाना में वर्ष 1999 में जयनाथ साहू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष ही जयनाथ साहू ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया था। जब उसने सरेंडर किया था, तब उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। पिछले एक वर्ष में साहू को कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में रिहा किया जा चुका है।

### आतंकी फैजान अंसारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला तीन को

**रांची :** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी फैजान अंसारी उर्फ फैज की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत तीन मई को फैसला सुनाएगा। आरोपित ने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 20 मार्च को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। अदालत आरोपित की जमानत याचिका पिछले सप्ताह खारिज कर चुका है। एनआईए ने उसे 19 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के विदेशी संचालकों के संपर्क में रहने और भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने का आरोप है।

# यशस्विनी को जनता का आशीर्वाद जरुरी है : रामटहल चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की इंट्री के बाद रांची सीट की तपिश बढ़ गई है।

एक तरफ पूर्व सांसद रामटहल चौधरी कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलने से यह कायश लगाया जा रहा था कि वे नाराज हैं, पर ऐसा नहीं है। बुधवार को पूर्व मंत्री सुबोध कांत सहाय ने अपनी बेटी और लोकसभा की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को लेकर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। वही रामटहल चौधरी ने बताया कि चुनाव का समय है सभी उम्मीदवार मेरे पास आएंगे ,इसी तरह से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी भी आई थी । जहां तक आशीर्वाद की बात है तो मेरा आशीर्वाद उसके साथ है , लेकिन जनता का आशीर्वाद सर्वोपरि है, जनता के बीच उसे जाना होगा और उसका विश्वास जीतना होगा।

## भाजपा ने देश की संपत्ति बेची है इसलिए सर्वे जरूरी : कांग्रेस

रांची। बुधवार को भाजपा से रांची लोकसभा उम्मीदवार संजय सेठ के बयान आने के बाद झारखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ ने अपने शब्दों में सच स्वीकार करते हुए यह साबित कर ही दिया है कि भाजपा चुनाव जनता की आशीर्वाद से नहीं ईवीएम के आशीर्वाद से जीतती रही है।ये वही बात कह रहे दिया जो कांग्रेस लगातार कहते चली आ रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दस सालों के दौरान दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को केन्द्र सरकार की नाइंसाफी का सामना करना पड़ा है।

इन वर्षों में जातिगत भेदभाव और अत्याचार बढ़ा हैं। भाजपा नेता आरक्षण खत्म करने और संविधान को बदलने की धमकी दे रहे हैं। आगे कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया।

# चुनाव में कांग्रेस के मुंह पर कालिख पोतेगी जनता : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे इस देश को लेकर हमेशा ही बांटने वाले और बर्बाद करने वाले रहे हैं। इस बार कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र लाया है, जनता इनके मुंह पर कालिख पोतेगी।चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हमेशा हिंदू मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है।भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था।



इस बार का कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के विकास का घोषणा पत्र नहीं है, देश को बांटने का घोषणा पत्र है। राहुल गांधी ने जिस तरह से बातें कही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो बातें लिखी गई है, उसके पीछे इनका एक हिडन एजेंडा है। यह पूरी तरह से वामपंथी अर्बन नक्सल के द्वारा तैयार किया गया घोषणा पत्र है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कैसे संभव है कि किसी एक व्यक्ति की कमाई को दूसरे लोगों में बांट दिया जाए। इसे आज पूरे देश को समझने की जरूरत है। कोई दो बच्चे का पिता दिन-रात कठिन परिश्रम अपने परिवार के लिए करता है। अपनी संपत्ति अर्जित करता है और उसे 10 बच्चों वाले परिवार को बांटने की बात कांग्रेस कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सेठ ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं से मेरा सवाल है कि वह बताएं की घोषणा पत्र के पीछे उन्होंने ऐसा क्यों किया? उन्होंने हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया? 2013 में भी जनता ने इनका जवाब दिया था और 2024 में उनकी इन्हीं हरकतों का जवाब जनता एक बार फिर से देगी।

# झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई।

कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी।

वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है।

वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

# छात्र आजसू ने की रांची विश्वविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने की निंदा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें इंटरमीडिएट की पढ़ाई पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रखने को लेकर मांग पत्र सोपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की राज्य की लगभग 50 से 70 प्रतिशत आबादी गरीबी या गरीबी रेखा के नीचे रूरल एरिया मैं मैं निवास करती है रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत पांच जिलों में स्थापित विभिन्न महाविद्यालय मैं




इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है गरीब एवं निम्न वर्ग के छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के पढ़ाई के लिए उन्हें महाविद्यालयों के आश्रित होते हैं ऐसे में रांची विश्वविद्यालय द्वारा यह तानाशाही फैसला छात्र हित के खिलाफ है। छात्र आजसू ने यह मांग करती है की छात्र-छात्राओं के हित में राज्य में इंटरमीडिएट के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तैयार होने तक विश्वविद्यालय में इंटर की पढ़ाई जारी रखी जाए। मौके पर मौजूद पीजी विभाग के सचिव मनजीत कुमार साहू ने कहा की विश्वविद्यालय के तानाशाही रवैया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जरूरत पड़ी तो छात्र आजसू आंदोलन एवं तालेबंदी करेगी।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से- मनजीत कुमार, प्रियांशु शर्मा, राहुल कुमार, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# संजय कुमार हत्याकांड मामले में नौ आरोपियों पर आरोप गठित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन कारोबारी कमल भूषण के जिसकी हत्या हो गई थी। इसी के अकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी राहुल कुजूर समेत नौ आरोपियों पर बुधवार को आरोप गठित किया गया। अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत में आरोप गठन के दौरान आरोपियों को वीसी से पेश किया गया था। अदालत ने आरोपियों पर लगे आरोप के बारे में पूछा। सभी ने कहा कि मामले में निर्दोष हैं। आगे ट्रायल फेस करना चाहता हूं। जिसके बाद अदालत ने राहुल कुजूर, उसका पिता डब्ल्यू कुजूर, उसकी मां सुशीला कुजूर, आशीष कुजूर, आकाश कुमार वर्मा उर्फ बालकटी, संदीप कुमार प्रसाद



उर्फ धबुश, साहिल बाड़ा, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव एवं विवेक कुमार शर्मा उर्फ गुड्डू पर आरोप गठित किया। इसके बाद अदालत ने अभियोजन पक्ष को मामले में गवाही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।इसके लिए अदालत ने 20 मई की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि इस हत्याकांड में कमल भूषण की बेटी सह राहुल कुजूर की पत्नी यामिनी कुमारी एवं मुख्य शूटर रोहित सिंह भी आरोपी है। दोनों जेल में है।

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न



हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें। यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया। कुमार ने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

# देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने




मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा कितनी भी षड्यंत्र रच ले जनता का साथ इंडी गठबंधन के साथ रहेगा।

# मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा ने 11 स्थानों पर किया प्याऊ की व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा के द्वारा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए रांची के विभिन्न स्थानों जैसे अपर बाजार में चार जगह कचहरी रोड लालपुर रोड पिस्का मोड़ काट सराय रोड एवं सदर अस्पताल मेंआठ घड़ों के साथ अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था की गई । इस प्याऊ की विधिवत उद्घाटन सदर हॉस्पिटल के डॉक्टर विमलेश सिंह (ड्यूटी सुपरीटेंडेंट) और उनके असिस्टेंट कुंदन झा ने प्याऊ का उद्घाटन किया। डॉ विमलेश ने मारवाड़ी महिला समिति की आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक क्षेत्र में इनका बहुत ही सराहनीय योगदान है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारी निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूप अग्रवाल , पूर्व अध्यक्ष बिना मोदी , मंजू केडिया शाखा अध्यक्ष, मधु शराफ सचिव , उर्मिला पड़िया, प्रीति बँका, सरिता अग्रवाल , सीमा पोद्दार, प्रीति पोद्दार, सीमा अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, मीना अग्रवाल ,सुनीता सराओगी, छाया अग्रवाल इत्यादि बहनों सहयोग रहा।

## छह साल के बच्चे पर टांगी से हमला

**रांची ।** कांके थाना क्षेत्र में 6 साल के मासूम बच्चे को शराब के नशे में लोहरा नामक सनकी पड़ोसी ने बच्चे पर टांगी से कई बार हमला किया। इस हमले में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे का इलाज रिम्स में किया जा रहा है। शराब के नशे में सनकी पड़ोसी उसके घर पर दाखिल हुआ। घर में बच्चे पर टांगी से कई बार हमला किया। बच्चे के शरीर पर कई बार वार किया। इस दौरान बच्चा घर में अपनी जान बचाने के लिए भागता रहा। बच्चे पर हमला करने के साथ ही पड़ोसी ने घर में रखे टीवी, बाइक समेत कई सामनों में तोड़फोड़ की। घर में रखे पैसे को लेकर वो फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रांची में कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरुआत हुई।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा



में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशाकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

# पुलिस ने चलाया मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहर को जाम मुक्त बनाने सहित चेन स्नेचिंग,छीनताई, जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने शहर में चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट के निर्देश पर डीस्टलरी पुल के पास भी विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। यहां पर यातायात एसपी कैलाश करमाली और लालपुर यातायात थाना प्रभारी इम्तियाज भी मौजूद थे। इसके बाद सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया। मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन चालकों को रोक कर चेकिंग किया गया। पुलिस ने पूछताछ करते नजर आयी। चेकिंग अभियान के लिए ए, बी और सी प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान के तहत ए, बी और सी में 5 से 6 हॉट स्पॉट चिन्हित किया गया। ए प्लान में अति संवेदनशील हॉटस्पॉट शामिल है, जबकि बी और सी में कम



संवेदनशील हॉटस्पॉट को रखा गया है। एंटी क्राइम चेकिंग में शामिल जवानों तक को यह पता अंत तक नहीं रहता है कि उन्हें किस प्लान के तहत चेकिंग करनी है।चेकिंग से ठीक आधे घंटे पहले डीएसपी और थाना प्रभारियों को इससे संबंधित निर्देश जारी किया जाता है, जिसके बाद में समझ आता है कि ए या बी या फिर सी कोड प्लान के तहत चेकिंग करना है। प्लान के द्वारा जारी किए गए कोड के आधार पर पुलिस अब एंट्री क्राइम चेकिंग चला रही है। ऐसे में पुलिस कहां पर एंटी क्राइम चेकिंग चलाई जाएगी। इसकी जानकारी सिर्फ वरीय अधिकारियों को ही होती है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की तैयारी को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की । उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि ब्लॉक-ए में नामांकन के दौरान पेय जल, बिजली, लिफ्ट, साफ-सफाई, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा



व्यवस्था, सीसीटीवी, पंखे, उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी ससमय कराना सुनिश्चित करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें इस पर विशेष ध्यान दे। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते कहा की नामांकन के समय सब अपने दिए गए कार्यों का संपादन बेहतर रूप से करें इस पर विशेष ध्यान दे।

## ट्रैवेल के शौकीन लोगों के लिए एसबीआई कार्ड माइल्स लॉन्च




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड इश्यूअर एसबीआई कार्ड ने ट्रैवेल पर आधारित अपने पहले ट्रैवेल-फ़ोकस कोर क्रेडिट कार्ड, एसबीआई कार्ड माइल्स के तीन वैरिएंट मुंबई में लॉन्च किए हैं। इस कार्ड का उद्देश्य हर तरह के यात्री के लिए भरपूर यात्रा लाभ मुहैया करवाना है, फिर चाहे वे सफ़र करने की चाह रखने वाले हों, लगातार उड़ान भरने वाले हों या फिर यात्रा करने के शौकीन हों। एसबीआई कार्ड माइल्स आकर्षक फ़ीचर्स का ऑफ़र देता है जिनमें ट्रैवल क्रेडिट को एयर माइल्स और होटल पॉइंट्स में बदलने के साथ-साथ हर ट्रैवेल बुकिंग पर ऐक्सेलरेटेड रिवॉर्ड और एयरपोर्ट लाउंज ऐक्सेस शामिल हैं। यह कार्ड रीडेम्पशन के पूर्ण विकल्प के साथ कार्डहोल्डर्स को सशक्त बनाते हुए एयर विस्तारा, एयर इंडिया, स्पाइसजेट, एयर फ़्रांस-केएलएम, एतिहाद एयरवेज़, एयर कनाडा, थाई एयरवेज़, क्वांटास एयरवेज़, आईटीसी होटल, आईएचजी होटल और रिज़ॉर्ट्स सहित 20 से ज़्यादा एयरलाइन और होटल ब्रैंड्स के साथ पार्टनर हैं, जिनमें ऐकॉर भी शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा के अनुसार, मज़बूत आर्थिक विकास और मज़बूत खपत परिदृश्य ने दुनिया में भारत की स्थिति में इज़ाफ़ा किया है।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिशुपाल वार्ष्णेय (85) नामक एक व्यक्ति ने पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक राशन डीलर था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक की एक बेटी है जो अलीगढ़ (यूपी) में रहती हैं। मृतक कांड्रा स्थित वीडियो कॉलोनी में सूरज प्रसाद यादव के मकान में किराए पर अकेले रहते थे और सरकारी राशन दुकान चलाते थे। जब सुबह काफी देर तक शिशुपाल वार्ष्णेय घर से नहीं निकले तो मुहल्ले वाले उनके घर की ओर गए तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। मुहल्ले वालों द्वारा जब घर का दरवाजा खोला गया तो उन्हें पाइप के सहारे झूलते पाया। इसके बाद उन्होंने कांड्रा थाना को इसकी सूचना दी। सूचना पर सदलबल पहुंचे एएसआई गिरजेश शर्मा ने मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय में मनाया गया वीर कुंवर सिंह की जयंती

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय सरायकेला के शांतिकुंज में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह का जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य पार्थ सारथी आचार्य सहित अन्य आचार्य एवं दीदियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वीर कुंवर सिंह की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा वीर कुंवर सिंह 1857 की स्वतंत्रता आंदोलन में महानायक थे, 80 साल उम्र होने के बावजूद भी उन्होंने 1857 की क्रांति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश सेवा को वे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण कार्य मानते थे। देश की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने सर्वस्व बलिदान कर दिए। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## वन भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से बने दर्जनों घरों को वन विभाग ने तोड़ा



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन विभाग की ओर से गम्हरिया के शांतिनगर में वन विभाग की भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण किए जाने के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान उंक्त बस्ती में अवैध रूप से बनाए गए करीब एक दर्जन मकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान मौजूद विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि भूमाफियाओं द्वारा शांतिनगर में वन विभाग की जमीन को कब्जा कर बिक्री की जा रही है जिसपर अवैध रूप से कई लोगों द्वारा मकान भी बनवाया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई कर उन मकानों को तोड़ दिया गया। इस दौरान लोगों को वन विभाग की भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण किए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बताया गया है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## नेकरकोचा में भीषण सड़क हादसा, मां, बेटा समेत तीन घायल



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हाता-चाईबासा मुख्य मार्ग (एनएच 220) के नेकराकोचा मोड़ में मोटरसाइकिल सवार ने दुसरे मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मार दी।इस दुर्घटना में मां बेटा समेत तीन ब्यक्ति घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए टेम्पो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर लाया गया। घटना शाम लगभग पांच बजे की बतायी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिला के सोनुआ निवासी यशवंत दास ( 28 वर्ष) ने अपने मोटरसाइकिल से राजनगर में कविराज से जड़ी बुटी दवा लेने का आ रहा था। जैसे ही नेकराकोचा मोड़ पहुंचा तो मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया तथा विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारी, जिससे तीनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए।बताया जा रहा है कि विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल में राजनगर थाना क्षेत्र के हतनाबेड़ा गांव के मुकेश प्रधान (25 वर्ष) अपनी मां शांति देवी ( 50 वर्ष) के साथ राजनगर सासाहिक बाजार गए थे। बाजार करने के बाद अपने घर लौट रहे थे।इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिल के तीन ब्यक्ति घायल हो गए। तीनों घायलों में यशवंत दास को पैर एवं शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें लगी तथा मुकेश प्रधान एवं शांति देवी को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोंटे लगी है।

# उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजदूगी में किया ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन

**- 6 विधानसभा में 1887 मतदान केन्द्रों के लिए 2264 बीयू, 2264 सीयू एवं 2452 वीवीपैट आवंटित किए गए**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। रेंडमाइजेशन के बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों, नॉमिनेशन, मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रेंडमाइजेशन से पूर्व राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया समझाई गई ।रेंडमाइजेशन में जिले के छह विधानसभा क्षेत्र 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला, 46- पोटका, 47- जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्वी, 49-जमशेदपुर पश्चिमी को मतदान केंद्रों की संख्या अनुसार आरक्षित सहित बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट का आवंटन किया गया। कुल 1887 मतदान केन्द्रों के लिए 2264 बीयू, 2264 सीयू एवं 2452 वीवीपैट आवंटित किए गए। अगला रैंडमाइजेशन 10 मई को किया जाएगा जिसमें बूथवार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, निदेशक एनईपी अजय साव, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की महिला मतदान कर्मियों की हौसला अफजाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर टाउन हॉल सरायकेला में 120 महिला मतदान कर्मियों को बुधवार प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से 60 महिलाएं पीठासीन पदाधिकारी होगी जबकि 60ड्ड प्रथम मतदान पदाधिकारी के रूप में आगामी लोकसभा चुनाव में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। प्रशिक्षण के दौरान महिला मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ल द्वारा उनकी हौसला अफजाई की गई। उन्होंने कहा जिला प्रशासन महिला मतदान कर्मियों को तमाम सुविधाओं के साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करेगा। विशेष कर महिला मतदान कर्मी शहरी क्षेत्र में प्रतिनियुक्त किए जाएंगे। जिले में यूथ मैनेज्ड बूथ एवं पीडब्ल्यूडी मैनेज्ड बूथ भी बनेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला मतदान कर्मियों को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। महिला पीठासीन को डमी पेपर देकर उन्हे फीलअप कराया गया साथ ही ईवीएम हैंड्स ऑन भी कराया गया तथा सीलिंग की पूरी प्रक्रिया बताई गई। मतदान संबंधी उनके सभी शंकाओं का समाधान किया गया।

## दामोदर हांसदा के नामांकन के लिए राजनगर से कार्यकर्ता चाईबासा पहुंचे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजनगर :** सिंहभूम लोकसभा सीट से जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के प्रत्याशी दामोदर हांसदा के नामांकन के लिए राजनगर से उनके समर्थक चाईबासा की ओर रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा इस बार हम परिवर्तन चाहते है,कई पार्टियां आई और चली गई,परन्तु क्षेत्र की समस्याओं को सभी ने नजर अंदाज किया। परन्तु जेएलकेएम जमीन से जुड़ी पार्टी है। इस बार 14 लोकसभा सीट में 8 सीट से हमारी पार्टी चुनाव लड़ रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की जनता से जेएलकेएम के पक्ष में वोट की अपील की।

## सूख समृद्धि की कामना हेतु सुंदरपुर में ग्रामीणों ने की सरहुल पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत अंतर्गत सुंदरपुर गांव में ग्रामीणों ने सुख समृद्धि की कामना करते हुए हर साल की भांति इस साल भी बांग्ला 11 बैसाख बुधवार को जाहिर बूढ़ा स्थान में सैकड़ों लोगों ने हर्षोल्लास के साथ सरहुल पूजा की। ग्रामीणों के आमंत्रण पर भाजपा नेता विमल बैठा भी पुजा में शामिल होकर मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली कामना की। मन्नते पूरी होने पर दर्जनों महिलाओं ने उपवास में रहकर जमीन में लेटते हुए जाहेरस्थान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। वही मन्नते पूरी होने पर गांव के सभी लोगों ने मुर्गी, बत्तख व बकरे की बलि चढ़ाई। पुजारी शंभु सिंह व सहयोगी संतोष सिंह, अर्जुन सिंह, अभिमुन्य सिंह गोवर्धन सिंह, भरत सिंह व निरंजन सिंह ने विधिवत रूप से पुजा अर्चना संपन्न कराई। मौके पर कृष्ण चंद्र महतो, सहदेव कर्मकार, आनंद महतो, तपन महतो व सुभाष महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ठनठनी घाटी में टेम्पो के पलटने से 6 घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के लोवाडीह गांव में मंगलवार को शादी पार्टी में शामिल होने आए जुगसलाई निवासी 6 लोग बुधवार की सुबह करीब 6 बजे हुई सड़क दुघर्टना में घायल हो गए। सभी लोग एक टेम्पो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे कि टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर ठनठनी घाटी में काली मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक महिला, बच्चा समेत 6 लोग लहूलुहान हो गए। मुख्य सड़क से गुजर रहे लोगों ने एम्बुलेंस को कॉल करके बुलाया एवं पटमदा पुलिस को इसकी सूचना दी। पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने बताया कि सभी घायलों को एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया है। जबकि दुर्घटना में शामिल टेम्पो को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताते हैं कि लोवाडीह निवासी फनी कांसारी के घर पर बेटी की शादी थी। गौरतलब हो कि मंगलवार को भी ठनठनी घाटी से करीब एक किमी दूर धुसरा गांव में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमें सवार दो बच्चों समेत 4 लोग घायल हो गए थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कॉपरेटिव कॉलेज का किया निरीक्षण

**- स्ट्रॉग रूम निर्माण, ईवीएम रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेडिंग आदि की हुई समीक्षा**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कॉपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर से तीन विधानसभा क्षेत्र 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्वी एवं 49-जमशेदपुर पश्चिमी की पोलिंग पार्टियां डिस्पैच की जाएंगी। साथ ही मतदान उपरांत सभी विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम की रिसिविंग एवं मतगणना भी यहीं होगी। कॉलेज परिसर में की जा रही तैयारियों का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा लिया गया। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर में बनाये जा रहे अलग-अलग स्ट्रॉग रूम, चुनाव सामग्री का वितरण, ईवीएम वीवीपैट का रखरखाव, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, परिसर की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक प्लान, सीसीटीवी, ईवीएम रिसिविंग प्लान की समीक्षा किया। साथ ही आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग, पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए साइनेज लगाने का निर्देश दिए । रिजर्व, माइक्रो ऑब्जर्वर, मेडिकल टीम की बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर निर्देशित किया । वहीं एक्सएलआरआइ में भी वाहनों की पार्किंग को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सुरक्षात्मक तैयारी के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी को ईवीएम के डिस्पैच, रिसिविग और मतगणना को लेकर निर्देश दिया गया है । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी आवश्क बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है। मौके पर सिटी एसपी मुकेश लुणायत, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, एडीसी रोहित सिन्हा, निदेशक एनईपी अजय साव, डीटीओ धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, डीएसपी ट्रैफिक, थाना प्रभारी तथा अन्य मौजूद रहे ।

## पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने भाजपा नेता के नेतृत्व में सौंपा बीडीओ के नाम ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा गांव की दर्जनों महिलाओं ने बुधवार को पेयजल समस्या दूर करने के लिए भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में बीडीओ के नाम प्रखंड कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि जोड़सा कुम्हार पाड़ा के 40 परिवार कुंआ का पानी पीते थे लेकिन कुंआ धस जाने के कारण पानी सूख गया है। आसपास में कोई चापाकल भी नही जिससे कि पेयजल उपलब्ध हो सके। जिससे 40 परिवारों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। भाजपा नेता ने इसकी जानकारी बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज एवं पेयजल विभाग के इंजीनियर डोमन रजक से दुरभाष पर बात करते हुए जल्द से जल्द जोड़सा कुम्हार पाड़ा में एक नया चापाकल लगवाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने वालों में मुख्य रूप से वर्णाली कुंभकार, जनलता कुंभकार, तुष्ट कुंभकार, विनता कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ हरिनाम संकीर्तन का गंधा दिवस, नव निर्मित हरि मंदिर का हुआ शुद्धीकरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु सोलो आना समिति द्वारा बुधवार को कलशयात्रा कर हरिनाम संकीर्तन का गंधा दिवस के साथ शुभारंभ किया गया। सीता नाला नदी घाट से कुमारी कन्याओं ने करीब 2 किलोमीटर पैदल चलकर सितु हरिमंदिर पहुंचे। पुजारी कृष्ण चन्द्र लायेक द्वारा नदी घाट पर पूजा अर्चना कर कलशों में जल भरकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे और भजन कीर्तन के साथ भक्ति भाव से नाचते गाते सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा के साथ हरी मंदिर पहुंचे और वेद मंत्रोच्चार कर कलश स्थापना किया गया। बच्चे बुड़े बुजुर्ग भी कलश यात्रा में भाव विभोर होकर नाचते गाते देखे गए। कलश स्थापना के बाद हरी मंदिर में शाम को गंधा दिवस के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में बंगाल के 4 गोस्वामी सम्प्रदाय व झारखंड 2 कुल 6 संकीर्तन दलों के द्वारा अखंड हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में तीन दिनों तक अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है , तीन दिन के बाद धुलोट व नगर कीर्तन के साथ अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन किया जाएगा। मौके पर राम चन्द्र दास, ईश्वर चंद्र दास, किरिटी, मुकेश, गीरीधर ,आकाश, बीरबल,अमर, संदीप दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जमशेदपुर एफसी ने की एआईएफएफ सब-जूनियर लीग टीम की घोषणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने आगामी एआईएफएफ सब-जूनियर लीग के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी टीम की घोषणा की है, जो 27 अप्रैल को जमशेदपुर में शुरू होने वाली है. यह घोषणा न केवल आगामी रोमांचक मैचों को दर्शाती है, बल्कि जमीनी स्तर से लेकर पेशेवर स्तर तक स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जमशेदपुर एफसी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है.जमशेदपुर से आने वाले एक प्रतिष्ठित पूर्व-टीएफए कैडेट हेड कोच एम राहुल राज के नेतृत्व में, पूरी टीम में विशेष रूप से झारखंड के खिलाड़ी शामिल हैं।

### आगामी लीग में जमशेदपुर एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सूची

**गोलकीपर:**-1. तन्मय धारा 2. सुसिन सोरेन

**डिफेंडर:**-1. चरण सोरेन 2. मनकी पारेया 3. रोहन पारेया

**मिडफील्डर:**-1. आदित्य सिंह 2. राहुल सिंह 3. बाबू लोहार 4. सगुन बस्के 5. आयुष पात्रो

**फॉरवड:**-1. किशन सिंह 2. सोंगरा पुरती 3. पूर्ण चंद्र तुबिद 4. सूरज बारी 5. अयान खान

# ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर में सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन प्रक्रिया रहा सफल

**- हृदय की पंपिंग क्रिया में कमी के कारण मरीज को सांस लेने में हो रही थी कठिनाई**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तमोलिया में एक असाधारण चिकित्सा मामले में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखलाक अहमद ने 44 वर्षीय विनोद कुमार शर्मा (बदला हुआ नाम) का सफल ऑपरेशन किया, जो सांस लेने में कठिनाई से पीड़ित थे। मरीज को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ हॉस्पिटल लाया गया था। हॉस्पिटल में कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखलाक अहमद ने मरीज की देखभाल की और हृदय की समस्याओं के आकलन के लिए एंजियोग्राम का सुझाव दिया। सांस लेने में तकलीफ के अलावा युवा सज्जन पूरी तरह से स्वस्थ थे और उन्हें कोई अन्य बीमारी नहीं थी। रोगी का मूल्यांकन किया गया और पाया गया कि हृदय की पंपिंग क्रिया कम थी (एलईवीएफ लगभग 20 प्रतिशत)। हृदय की कम पंपिंग कार्यप्रणाली को देखते हुए, मरीज को बेहतर परिणाम के लिए सीआरटी-डी प्रत्यारोपण की सलाह दी गई थी। प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई और जिसके बाद मरीज को उसकी शिकायत से राहत मिल गई और 1 दिन के बाद स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गई। डॉ. अहमद के अनुसार सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन के सामान्य लक्षण क्रमशः ऊंचाई तक चलने में असमर्थता, थकान, पसीना और सांस फूलना हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि सीआरटी-डी इम्प्लांट लोकल एनेस्थीसिया में की जाने वाली एक डे केयर प्रक्रिया है जिसके लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिक्स टीम के साथ विशेषज्ञता और अनुभव की आवश्यकता होती है। सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन का सबसे आम कारण कंजेस्टिव हृदय विफलता है जो विस्तारित कार्डियोमायोपैथी के कारण बहुत कम पंपिंग फंक्शन के साथ होता है। यह उपलब्धि कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता वाली हृदय देखभाल और जटिल प्रक्रियाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हम सीमाओं को आगे बढ़ाने और अपने मरीजों को असाधारण देखभाल प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

## यूपीएससी में सफल होने पर आतिफ वकार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा महल इन के सभागार में आतिफ वकार के यूपीएससी की परीक्षा में सफल होने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमे उनकी माता महजबीन अख्तर और पिता खुर्शीद इकराम को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमीयत ए उलेमा हिंद के हाफिज अनवर ने कुरान पाक की तिलावत से किया। इस सम्मान समारोह में आजादनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूल ने हिस्सा लिया, जिसमे विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एवं प्रिंसिपल डॉ निधि श्रीवास्तव, एमओ अकादमी के डायरेक्टर जामी उस्मानी के छात्र छात्राएं, कबीर मेमोरियल स्कूल के छात्र छात्राएं एवं मास्टर जमालउद्दीन और बुद्धजीवी,समाजसेवी सैयद मंजर आमीन,आसिफ महमूद, प्रोफेसर अहमद बद्र, प्रिंसिपल वारिस इमाम, मस्जिद के इमाम अफताब कादरी, सैयद रजी नौशाद, राशिद अख्तर, मोहम्मद नवाब, निगार आलम, मोहम्मद इस्तियाक, जमील अख्तर, प्रोफेसर सैफुल्लाह अंसारी, मोहम्मद कासिम, एमजीएम मेडिकल कॉलेज से रिटायर्ड हाजी जमील असगर खास तौर से उपस्थित थे।सभागार में उपस्थित लोगों के बीच आतिफ वकार ने अपने सफल होने के मुद्दे पर चर्चा की एवं उपस्थित छात्रों को काफी मोटिवेट किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम अपने समय का पूर्ण उपयोग कर सकते है जिससे सफलता की राह आसान हो पाएगी। छात्रों ने भी अपनी ओर से कई सवाल पूछे जिसका उन्होंने उत्तर दिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्तार आलम खान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सैयद मंजर आमीन ने दिया। इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर ,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, डॉक्टरों ताहिर हुसैन, मोइनुद्दीन अंसारी, मास्टर खुर्शीद अहमद, अफताब आलम, नादिर खान,फिरोज आलम,जावेद अख्तर अंसारी की मुख्य भूमिका निभाई।

# मेहंदी एवं रंगोली बनाकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** शत प्रतिशत मतदान को लेकर चिलचिलाती धूप में स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती गाँव मदारपुर, एकता, मरगड्डा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महिलाओं ने रंगोली, मेहंदी, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया।शत प्रतिशत मतदान को लेकर चिलचिलाती धूप में जिले से लेकर प्रखंड के पदाधिकारी जोर सोर से लगे हुवे हैं वही इन दिनों लगातार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) अजय कुमार सिन्हा भी मतदाताओं के बीच लोकतंत्र की महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर रहें हैं। इस मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।वही विभिन्न स्लोगन वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम, जागों जागों हे मतदाता.... तुम भारत के भाग्य विधाता! के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इसे लेकर प्रेरित किया गया।लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।साथ ही अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। वही जनप्रतिनिधि भी स्वीप कार्यक्रम में भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर प्रेरित कर रहें हैं।मौके पर स्वीप कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा, पंचयात सेवक मुरली राम, रोजगार सेवक नवनीत कुमार नवीन, मिथलेश कुमार यादव, बीएफटी अनिल कुमार, आशीष कुमार मौजूद रहें।

# बीडीओ ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाला कैंडल मार्च




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुंदा प्रखंड मुख्यालय के मेन चौक में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार की शाम को बीडीओ विवेक कुमार के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर व रंगोली बनाकर दीप जलाकर मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। वही इस मतदाता जागरूकता अभियान में कई ग्रामीण भी शामिल होकर कैंडल जलाकर हाथ में लेकर जागरूकता अभियान में शामिल होकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बीडीओ विवेक कुमार ने कहां कि लोकतंत्र की मजबूत करने के लिए मतदान आवश्यक है। आगे उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि आप कहीं जाते हैं तो मतदान करने के लिए लोगों को जरूर जागरूक करें और बताये की मतदान के दिन पहले मतदान करें बाद में काम करें। सुबह में मतदान करें और अपने संगे संबंधियों व अन्य को भी साथ ले जाए। वही इस कैंडल मार्च जागरूकता अभियान में जेई रवि कुमार, मनोज कुमार साहू, रोजगार सेवक मिथिलेश यादव, संजय भारती, नीतीश रंजन, रगुनाथ सिंह, बीएफटी एवं स्वयंसेवकों के साथ कई ग्रामीण शामिल थे।

## स्कॉर्पियो हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रतिबंधित पाया गया मांस मामला दर्ज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप बुधवार को एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें सवार चालक व अन्य बाल बाल बचा। ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की सूचना गिद्धौर थाना को दिया गया। और सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सीधा किया गया। और वाहन में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गाय। जिसकी जांच मजिस्ट्रेट व दंडाधिकारी के उपस्थिति में पशुपालन विभाग के चिकित्सक के द्वारा कराया गया। जांचोंपरांत मांस प्रतिबंधित पाया गया। प्रतिबंधित मांस एक्ट के तहत वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया।जबकि प्रतिबंधित मांस को डिस्पोजल कर दिया गया। बताया जाता की चतरा की ओर से स्कॉर्पियो वाहन हजारीबाग की ओर जा रहा था। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के समीप वाहन अनियंत्रित होकर पूरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे वाहन चालक मो.समीम को हल्की चोट लगी है। जबकि वाहन पर सवार मो. फैजान सहित अन्य सुरक्षित बच गए। वाहन दुर्घटना होने के बाद चालक व एक अन्य यात्री वाहन छोड़ फरार हो गए थे। सभी लोग थाना क्षेत्र के गांगपुर के बताए जाते है।

## बूथ जागरूकता व डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखण्ड के आरा पंचायत में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत बूथ जागरूकता तथा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, नए मतदाताओं को मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मतदाता शपथ भी दिलाया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान चुनाव का पर्व देश का गर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मतदाताओं ने कहा कि मै 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग जरूर गरूंगा।कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस अनील डुगडुग समेत कई मतदाता शामिल थे।

# पुलिस बनी फिर रही है बेचारी चोर उचक्कों की कहर है जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड,चतरा :** लंबे समय के बाद फिर से एक बार मयूरहंड थाना में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है इस बार चोरों की निशाने पर घर और स्कूल है।चोरी का सिलसिला निरंतर जारी है और पुलिस इन चोरों को पकड़ने में विफल से साबित हो रही है।ताजा घटना करमा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढोढी की है जहां पर चोरों ने स्कूल के किचन शेड में रखें बर्तन और सामग्रियों को लूट ले गए।स्कूल के सहायक अध्यापक श्री वासुदेव दांगी ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए कहा कि हर दोनों की तरह हाई स्कूल संचालन करने के बाद हम सभी शिक्षक विद्यालय के दरवाजे को ठीक-ठाक से लगाकर अपने घरों को जाते थे लेकिन हम लोगों को इस बात की तनिक भी अंदाजा नहीं था की ढोढी गांव में चोरी की घटना होगी। शिक्षक ने बताया कि इस चोरी की घटना में चोरों ने स्कूल में रखे बर्तन और अन्य सामग्री अपने साथ लूट ले गए। फिलहाल पुलिस विद्यालय प्रबंधन समिति संग प्रधानाध्यापक श्री कामदेव रविदास के आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए चोर उचक्कों की खोजबीन में जुट गई है।गौरतलब हो कि इससे पूर्व चोरों ने थाना क्षेत्र के सोकी में आंगनवाड़ी स्कूल और मझगावां में एक निजी घर में चोरी की घटना का अंजाम देकर पुलिस को कड़ी चुनौती दे रखी है। हालांकि मयूरहंड पुलिस अपनी तरफ से हर संभव चोरों को पकड़ने की प्रयास कर रही है लेकिन फिलहाल मयूरहंड चोरों की सुराग लगा नहीं पा रही है। दूसरी तरफ चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम दिए जाने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों के कान खड़े हो गए हैं।

### जिला मुख्यालय स्थित गीता आश्रम विद्यालय में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

# दीप सज्जा वोट करेगा चतरा का स्लोगन से जगमगाया गीता आश्रम सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मतदाताओं में दिखा उत्साह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय गीता आश्रम में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप शामिल हुए। तत्पश्चात वृद्ध, दिव्यांग व जिले से पहुंचे अधिकारियों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित रंगोली, दीप प्रज्वलित कर स्लोगन वोट करेगा चतरा लिखा गया। साथ ही आमजनों को मतदाता शपथ दिलाया गया एवं एक स्वर में 20 मई को वोट करेगा चतरा का लगाया गया नारा। वहीं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुती कर भी मतदाताओं व आमजनों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप कार्यक्रम के तहत जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा तक मतदाता जागरूकता रैली जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय व बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद के नेतृत्व में निकाली गई। इस जागरूकता रैली में सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के छात्र, छात्राओं समेत कई मतदाताओं ने भाग लिया। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने रैली के स्टेडियम पहुंचने के पश्चात छात्र, छात्राओं को अपने जान्ने, पहचान्ने, अपने करीबी लोगों को मत के प्रति जागरूक करने की बात कही। उन्होने कहा इस लोकतंत्र में हर एक मत का महत्व है। जागरूकता की कड़ी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ईटखोरी द्वारा भी ईटखोरी बाजार क्षेत्र में साईकिल रैली निकाल मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर रैली का किया गया आयोजन



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाउक्त लातेहार के निर्देनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव मे सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य सें सहायक निर्वाचन निबंध पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंदकुमार राम के नेतृत्व मे फूलसु मोड़ सें बारियातु बस स्टेण्ड तक ह्युमन चैन बनाया गया. तत्पश्चात बारियातु मुख्यालय क्षेत्र मे डेमोक्रेसी रैली आयोजित किया गया, जिससे अबकी बार 80प्रतिशत पार 1,2,3,4, भोट करेगा लातेहार, काली स्याही लगाना है इभीएम बटन दबाना हैं, पहले मतदान फिर जलपान, 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करे आदि नारे लगाए गए. इस रैली मे प्रशिक्षक आलोक कुमार दुबे, महिला प्रवेक्षिका विमला कुमारी अंचल प्रधान सहायक कपिल देव सिंह प्रखंड नाजीर अजय मुंडा प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी सेराफिनुस खलखो, अंचल निरिक्षक अनिल होरो, जेएसएलपिएस बीपीएम दिपक कुमार सिंह सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी जेएस एलपीएस कौशल विकास केंद्र, बालविकास परियोजना, पशुपालन, स्वास्थ्य कर्मी परियोजना पलस 2 उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, थाना के जवान व क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।

### स्वीप के तहत जिलास्तरीय मानव श्रृंखला का किया गया निर्माण

# मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाकर निकाली गई डेमोक्रेसी रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत बुधवार को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गय। उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सुरजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विशाल मानव श्रृंखला बनाकर कर एक दूसरे के हाथों को पकड़े हुए कृषि कार्यालय से डेमोक्रेसी रैली निकाली गई। इस बृहद आयोजन में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर समाहरणालय, बाईपास चौक, थाना चौक से होते समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया।जागरूकता रैली का समापन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर डेमोक्रेसी रैली के दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी, छात्र-छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि नारे लगाए। इस अवसर पर विशाल मानव श्रंखला में मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मानव श्रृंखला का मूल उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। हम सभी को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त ने सभी को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी अपने आस पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें।इस दौरान नुकड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता गीत एवं सेल्फी स्टैंड में लिखे स्लोगन के माध्यम से 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शतप्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मानव श्रृंखला डेमोक्रेसी रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, स्कूली छात्र छात्राएं, एनसीसी के कैडेट, सेविका सहायिका, जल सहिया की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अलका हेंब्रम, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार, बनवारी साहू कॉलेज, एनएसएस के नवल किशोर प्रसाद, एवं भारी संख्या में भीड़ उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**गारु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ में थाना के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों का चेकिंग किया, जिसमें वाहन का जरुरी कागजात समेत लाइसेंस का भी जाँच किया गया। मौके पर एएसआई अमर यादव समेत अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

# ढिबरी युग में जीने को विवश हैं रुद पंचायत के ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** लातेहार जिला का अति नक्सल प्रभावित सुदूरवर्ती गारु प्रखण्ड के रुद पंचायत के लोग आजादी के 75 वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं।रूद पंचायत अंतर्गत बिजयपुर, पंडरा, गुटुआ, हुरहुर करचा, गोपखांड़ समेत आधा दर्जन गांव में रहनेवाले करीब चार हजार लोग अभी तक ढिबरी युग में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इन गांवों में पीने के लिए न तो शुद्ध पानी की व्यवस्था है और न ही बिजली व्यवस्था है। वहीं, इन क्षेत्रों में किसी प्रकार का मोबाइल नेटवर्क तक नहीं है, जिससे यहां के लोग देश-दुनिया की खबरों से अपने को बेखबर पाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट पाने के लिए नेता, मंत्री एक से बढ़कर एक वादों का ढिंढोरा पीटते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद हमारी सुधि लेनेवाला कोई नहीं होता है। ग्रामीण प्रतिमा एक्का, जेनवारियुस टोप्पो, जॉर्ज मार्टिन खलखो, मार्टिन कुजूर, इशहाक टोप्पो, क्लारा खलखो, तरसियुस लकड़ा, भादवा किसान, खदरी देवी, बन्धन साय नगेशिया समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। गांव में एक जलमीनार था तो वह भी एक साल से खराब पड़ा हुआ है। नतीजतन, हमलोगों को चुआं का गंदा पानी पीना पड़ता है, जिससे लोग बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं। विजयपुर गांव में खंभे और मीटर तो लगे, नहीं मिली बिजली ग्रामीण प्रतिमा एक्का, जेनवारियुस टोप्पो, जॉर्ज मार्टिन खलखो, मार्टिन कुजूर, इशहाक टोप्पो, क्लारा खलखो, तरसियुस लकड़ा, भादवा किसान, खदरी देवी, बालदेव किसान, बन्धन साय नगेशिया समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में आज तक हमें मूलभूत सुविधाएं नहीं बहाल हुई हैं, जिससे हमलोगां को काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजयपुर गांव में सभी जगह करीब चार साल पहले बिजली ट्रांसफार्मर, खंभे और तार लगाए गए थे, जिसमें सिर्फ आठ घर में ही बिजली मीटर लगाया गया है। इसके बाद भी इस गांव में आज तक बिजली नहीं आई।

# बीएस कॉलेज में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष तरीके से संपन्न हेतु बनवारी साहू महाविद्यालय में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।आज आयोजित प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पधिकारियों के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियां से अवगत कराया। आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के तहत लातेहार जिला में पांचवे चरण में चुनाव होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान आपके द्वारा की गई एक चूक या कार्यों से संबंधित अपर्याप्त ज्ञान मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसलिए आप सभी बेहद संजीदगी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। साथ ही चुनाव में बरतने वाली सावधानियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के साथ समय समय पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का निर्देश दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने चुनाव कार्य में लगे सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी तमाम प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रक्रिया समझाते हुए इसके तमाम प्रावधानों का पालन करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों से अच्छी तरह अवगत हो लें। साथ ही मतदान से पहले बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया,सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 276 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## सीएस ने किया मीडिया ब्रीफिंग कार्यशाला




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य विश्व मलेरिया दिवस से संबंधित बुधवार को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, अवधेश सिंह के अध्यक्षता में मिडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया से बचाव हेतु जनमानस में जन जागरूकता हेतु मिडिया से अपील किया गया, ताकि जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य हेतु व्यवहार परिर्वतन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन हेतु सामुदायिक स्वा0 केन्द्र एवं स्वा0 उपकेन्द्र स्तर पर प्रभात फेरी/ग्राम गोष्ठी एवं विद्यालय जगरूकता कार्यक्रम किया जाना है तथा जिला स्तार पर भी प्रभार फेरी निकाली जायेगी। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम है- Health Equity, Gender Equlity & Human Rights (स्वास्थ्य समानता, लैंगिक समानता एवं मानव अधिकार)।उक्त कार्यशाला में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्या चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार/जिला मलेरिया पदाधिकारी, लातेहार/जिला कार्यक्रम प्रबंधक / जिला भी0बी0डी0 सलाहकार, उपस्थित रहे।

## बरही में अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतरा कार, दो महिला हुए घायल



**बरही :** मंगलवार रात्रि करीब 8 बजे थाना अंतर्गत रसोइया धमना मोड पर टाटा सुमो गाड़ी नंबर जेएच 01 एक्यू 4822 अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस पर सवार सभी आठ लोग गाड़ी के नीचे दब गए, दबे हुवे लोगो का चीत्कार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत दौड़कर आए और शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला। उक्त टाटा सुमो कार में चार महिला समेत 8 लोग सवार थे, जिसमें एक महिला एकता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई, वही संजू देवी को हल्की चोट आई है। चालक को भी गंभीर चौट आई है, घटना की सूचना मिलने पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल से एंबुलेंस पहुंची और सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल ले गया। मौके पर बरही पुलिस भी पहुंची थी। घटना इतना भयानक था कि, टाटा सुमो कार तेजी से हाईवे से नीचे उतरते हुवे पलट गया, सभी कह रहे थे कि भगवान का लाख-लाख शुक्र है की सभी सुरक्षित बच गए। मौके पर मौजूद लोगो ने बताया की ब्रेकर के कारण आगे की गाड़ी ब्रेक लगाने के बाद उक्त टाटा सुमो कार अनियंत्रित हुआ। घायलों ने बताया कि हम लोग नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हजारीबाग जिले में कर रहे हैं। आज सदर अस्पताल में मीटिंग था, वहां से हम लोग चौपारण लौट रहे थे इसी दौरान घटना घटी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गई है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, CAPF क्लस्टर में AMF की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया।

## 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग।** प्रखंड के कदमा गाँव में कदमा देवी मण्डप पूजा समिति द्वारा श्री श्री 108 हनुमत प्रान्त प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने आकर कलश यात्रा में भाग लिया। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया।इस कार्यक्रम में शहर के जाने माने समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री मुन्ना सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। श्री सिंह ने कहा कि गांववासियों के आपसी सहयोग व समन्वय से इतना सुंदर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आज होने जा रहा है जिससे वे काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक श्रद्धा का विकास होता है बल्कि आस-पास के इलाको कि आर्थिक गतिविधियों भी वृद्धि नजर आती है। आगे उन्होंने ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनायें दी तथा कदमा देवी मण्डप पूजा समिति का आभार व्यक्त किया।इस दौरान उदयनाथ सिंह ,वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह ,सत्यपाल सिंह, विनय सिंह ,नवीन सिन्हा ,सहदेव सिंह, शंकर राणा, दिलीप साहू, प्रकाश साहू ,मनोज सिन्हा ,ऋषिकेश सिंह ,रोहित कुमार सिंह, विनीत सिंह, निप्पू सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## डेंटल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में आस- पास के वृद्धाश्रम से वृद्धजनों को ससम्मान लाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को मौखिक का जांच कर कैंसर सहित कई घातक बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थों व गलत आदतों को छोड़ने तथा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। इस दौरान डेंटल कॉलेज परिवार की ओर से खुशी और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में डेंटल किट प्रदान किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है। बचपन से ही वृद्धजनों से मेरा खासा लगाव रहा है। राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर एक विशेष पहल के तहत वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृद्धजनों को गंभीर बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थ एवं गलत आदतों को छोडने का आग्रह किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ओएमआर विभाग के प्रमुख डॉ के श्रीकृष्ण एवं ओएमआर विभाग के प्रोफेसर डॉ डी नंदी उपस्थित थे।

## झापा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने किया चुनावी जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में झारखंड पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने बुधवार को सदर एवं प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से जनसमर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी ने मुझे हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर अपना उम्मीदवार बनाया है। ताकि क्षेत्रीय विकास को धरातल पर उतारा जा सके। कहा कि क्षेत्रीय पार्टी ही स्थानीय जनसमस्याओं से रुबरु होती है और स्थानीय जन समस्याओं का निदान कर सकती है हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और रोजगार का कहीं पता नहीं है। ना ही केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार युवाओं के प्रति रोजगार को लेकर गंभीर है बल्कि नौकरियां छीनने का काम कर रही है। जिसको लेकर लगातार पलायन की समस्या बढ़ती जा रही है स्थानीय सांसद और विधायक ने भी रोजगार को लेकर किसी भी प्रकार की पहल नहीं की बल्कि देखा जाए तो हजारीबाग के कोयला क्षेत्र में भी जहां रोजगार के अवसर है वहां पर बाहरी लोगों को ही रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। स्थानीय लोगों से सिर्फ उनकी जमीन छीनी जा रही है और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को जमीन सौंप कर उनको और अमीर बनाया जा रहा है। इसको लेकर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। आपका आशीर्वाद और जन समर्थन से अगर मैं सदन में पहुंचता हूं तो निश्चित तौर पर रोजगार की समस्या को प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए स्थानीय तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने का काम करूंगा इस मौके पर ग्रामीणों ने संकल्पित होकर उन्हें भारी बहुमत से जीताने की बात कही। चुनावी जनसंपर्क के दौरान राजकुमार कुशवाहा ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निदान का भरोसा जताया।

## उपायुक्त एवं पुलिस कप्तान का सम्मान चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय को ऑफिस में एवं पुलिस अधीक्षक कप्तान अरविंद कुमार सिंह को एसपी कोठी निवास स्थान पर मोमेंटो एवं रामचरित्रमानस देकर सम्मान किया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने वक्तव में कहा की हजारीबाग में उपायुक्त रहते हमारा तीसरा रामनवमी पर्व है, यहां की राम भक्तों का उत्साह हर वर्ष की भांति इस बार अधिक थी। लेकिन इस बार प्रचंड गर्मी होने के बावजूद राम भक्तों की उत्साह में कोई कमी नहीं आई, और काफी धूमधाम के साथ उन्होंने इस पर्व का आनंद लिया। पुरुषों के साथ-साथ महिला भी इस बार झांकी की शोभा बढ़ा रही थी। पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सारे समिति , कमेटी का सहयोग भरपूर मिला, सभी ने पुलिस के साथ मिलकर झांकी को व्यवस्थित आगे बढ़ाने का कार्य किया ।

## नवनिर्मित शनिदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**बरही :** बरही प्रखंड स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित शनि देव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को 51 कुमारी कन्याएं एवं महिलाओं द्वारा कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा सूर्य मंदिर स्थित उत्तर वाहिनी बरही नदी पहुंची, जहां गुप्ता एंपोरियम परिवार के मुख्य यजमान कृष्ण प्रसाद गुप्ता सह पत्नी सैफाली गुप्ता व नरेश प्रसाद गुप्ता सह पत्नी गुड़िया गुप्ता ने जल पूजन किया। इसके पश्चात विधिवत कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा बरही चौक के चारों मुख्य मार्ग में भ्रमण करते हुए पुनः मनोकामेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित शनि देव मंदिर पहुंच यात्रा समाप्त की गई। वही कलश को मंदिर के चारों ओर स्थापित किया गया। इस दौरान धार्मिक जगह से माहौल भक्तिमय हो गया। इसी के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ की गई। धार्मिक अनुष्ठान के पुरोहित लखन पंडित, मंदिर पुजारी अनुज कुमार शर्मा एवं जितेंद्र पंडित, राहुल पंडित, जगदीश पंडित थे। मौके पर गुप्ता एंपोरियम परिवार के शकुंतला देवी, कुणाल कुमार गुप्ता, करण कुमार गुप्ता के अलावे मुखिया शमशेर आलम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## ईडी गठबंधन धर्म के आधार पर तुष्टिकरण की राजनीति कर देश को तोड़ना चाहती है : विवेकानंद सिंह



**हजारीबाग ।** भाजपा चुनाव कार्यालय झंडा चौक में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा प्रेस वार्ता की गई ।प्रेस वार्ता में श्री सिंह के साथ हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुनू गोप, सदर विधानसभा प्रभारी प्रोफेसर संजय सिंह ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य केपी ओझा एवं पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद झुनझुनवाला उपस्थित थे ।अपने प्रेस वार्ता में श्री सिंह ने कहा की ईडी गठबंधन और कांग्रेस पार्टी की नजर आम जनता की गाड़ी कमाई और पैतृक संपत्ति पर अनावश्यक टैक्स लगाकर तबाह करने की योजना है । कांग्रेस पार्टी धर्म के आधार पर एक विशेष वर्ग को आरक्षण प्रदान करना चाहती है। कांग्रेस के नापाक इरादे को भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सफल होने नहीं देगी और सदन से सड़क तक इसका विरोध करेगी। उक्त आशा की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई।

## हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ के द्वारा टेबल टेनिस टूर्नामेंट का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले में खेल के प्रति खिलाड़ी प्रतिदिन एक नए आयाम पर स्थापित हो रहे हैं इसी दृष्टिकोण से हर खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखला कर हजारीबाग का नाम रोशन कर रहे हैं इसी कमी विश्व टेबल टेनिस दिवस के शुभ अवसर पर मौलाना अब्दुल कलाम इनडोर स्टेडियम में एकदिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन हजारीबाग जिला टेबल टेनिस संघ के द्वारा किया गया टूर्नामेंट दो भागों में आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी सह ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा शामिल हुए।संघ के उपाध्यक्ष सोम अग्रवाल जो झारखंड टेबल टेनिसन के महिला विन की सदस्य हैं उन्होंने मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत हुआ अभिनंदन किया इसके बाद टूर्नामेंट रूप से प्रारंभ हुआ टूर्नामेंट में विजेता मुकुंद बादल,सात्विक केजरीवाल,आण्वी गोयल वही ग्रुप बी में सुमित कुमार, तन्मय एवं सात्विक ने जीत हासिल किया है। वही टूर्नामेंट के दौरान खेल मे राज्य स्तर का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी लोगो को सम्मानित किया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व टेबल टेनिस दिवस के दिन एकदिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। यह आयोजन टेबल टेनिस को बढ़ावा देने पूरे देश भर में आयोजित किया जाता है इसी के दृष्टिकोण से हजारीबाग जिले में भी आयोजित किया गया था। सफल खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। साथ ही कहा की कम संसाधन में खिलाड़ी अपनी मेहनत के बदौलत जिस मुकाम तक पहुंचे हैं. अगर उन्हें और बेहतर संसाधन उपलब्ध करा दिया जाए तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में भी मेडल प्राप्त करेंगे, जिस प्रकार की भी सहायता की आवश्यकता होगी हम सभी आपके साथ है और जरूरी चीजों को उपलब्ध कराने में हमारी जब भी जरूरत हो आप कहें मैं आपके साथ हूं। बच्चों के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है खिलाड़ी लगातार मेहनत करें निश्चित ही सफलता प्राप्त करेंगे। इस मौके पर हजारीबाग टेबल टेनिस संघ के भैया मुरारी ,अमित मल्होत्रा ,सोमा अग्रवाल, बहादुर राम, सत्यम ,शुभम, प्रतीक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## धूप के तेवर के बीच एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव में किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

बुधवार को गर्मी के रौद्र रूप और धूप के कड़े तेवर के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायतों के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने हर दिन की तरह की बुधवार को अपने दौरे की शुरुआत अगले सुबह बड़कागांव चौक से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के पिपराडीह में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान उन्होंने तलसवार, आँगों, पोटंगा, उरीमारी, जरजरा और नयाटांड़ पंचायत के परेवातारी, निमियाटोला, प्लांडू, कोयलंग, पतरा, अम्बाटोला, आंगो, उरेज कॉलोनी, असवा, तिलैया, भुरकुंडा, पारगढ़ा, उरीमारी हेसाबेड़ा, उरीमारी लिपहाउस कॉलोनी, उरीमारी चेकपोस्ट, उरीमारी सेवल, जरजरा चौक, जरजरा बस्ती, पसेरिया, ललकीमाटी, टिकरीटांड़, तलसवार, सिमरातरी, नयाटांड़, कुम्हारडीहा, विश्रामपुर और पिपराडीह गांव का तुफानी दौरा कर स्थानीय लोगों से मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यों की प्रगति को बरक़रार रखने के लिए आगामी 20 मई को कमल फूल छाप में मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील किया। इस दौरान बड़कागांव पहुंचने पर स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने गाजे- बाजे के साथ गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान हरेक गांवों में प्रचंड गर्मी, शादी- विवाह का लग्न और महुआ चुनने का सीजन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। कहीं पारंपरिक बाध्य यंत्र नगाड़े और ढोल की थाप पर लोग नाचते झूमते हुए स्वागत करते दिखे तो कहीं माता बहनों द्वारा आरती और फूलों से सजी थाली के साथ पहुंची और मनीष जायसवाल का आरती उतारकर और पुष्प- वर्षा कर अभिनंदन किया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जब आप मतदान करने बूथ पर जाय तो कांग्रेस के करीब 62 साल के शासनकाल को जरूर याद करें जब कांग्रेस ने वादा करके देश और देशवासियों को सिर्फ़ ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुए देश के अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के जरिए जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ वहीं देशवासी स्वाभिमान के साथ जी रहें हैं।

## कदमा देवी मंडप में तीन दिवसीय यज्ञ का हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग –** हज़ारीबाग़ शहर के कट्कमदाग प्रखंड के कदमा गाँव में कदमा देवी मंडप में बजरंग बली प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हो गया है। यज्ञ को लेकर हनुमान जयंती पर नगर भ्रमण यात्रा सह कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर इस कलश यात्रा में भाग लिए। नगर भ्रमण के बाद मंडप में पूजा अर्चना किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा शामिल हुए। नगर भ्रमण में सैकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। 24 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नदी से कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। वहीं कलश यात्रा के पश्चात पंचांग पूजन, नन्दीमुख श्राद्ध, मंडप प्रवेश, बेदी पूजन, जलाधिवास के बाद संध्या आरती व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन विभिन्न अनुष्ठान के बाद संध्या आरती व भजन- कीर्तन का आयोजन किया जाना है। यज्ञ को लेकर कदमा में वातावरण माहौल पूरा भक्तिमय बना गया है। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए हर्ष अजमेरा ने सर्वप्रथम यज्ञ मंडप में माथा टेक कर उन्होंने सबके लिए मंगल कामना की। श्री अजमेरा ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किया है। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि आती है। धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ के आयोजन होने पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। इस यज्ञ कार्यक्रम के पूजन अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए आचार्य मिथिलेश पांडेय हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उदयनाथ सिंह , वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, सत्यपाल सिंह, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सहदेव सिंह, शंकर राणा सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली गई भव्य कलश यात्रा, पूर्व विधायक हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के दूलमाहा पंचायत अंतर्गत ग्राम सिंहपुर में श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व विधायक मनोज यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, स्थानीय मुखिया नारायण यादव, पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, युवा नेता संजय यादव आदि मौजूद थे। सभी अतिथियों को यज्ञ समिति की ओर से उन्हें अंग वस्त्र एवं पट्टा देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि महायज्ञ में भाग लेकर हम अपनी आत्मा को जहां शुद्ध कर रहे हैं वहीं हमें भगवान हनुमान का आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यज्ञ कर्म को मनुष्यों एवं देवताओं के परस्पर कल्याण हेतु होना आवश्यक है, क्योंकि देवताओं को भोजन यज्ञ से प्राप्त होता है। देवताओं का प्रसन्न होना ही मानव कल्याण है। इसलिए यज्ञ को अति उत्तम माना जाता है।

## नुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली के बच्चों ने जिता पुरस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विजय शंखनाद द्वारा पैराडाइस रिसोर्ट, हजारीबाग में आयोजित हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग के बच्चों ने श्री हनुमान जी के बाल रूप को धारण कर अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 3 से 6 वर्ष के ग्रुप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के तीनों विद्यार्थी अव्वल रहे, जिसमे प्रथम पुरस्कार 7100 आदिशक्ति मौर्य को द्वितीय पुरस्कार 5100 अक्षत कुमार को एवं तृतीय पुरस्कार 3100 प्रथम शर्मा को प्राप्त हुआ द्य विद्यालय की वंदना सभा में तीनों विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन में बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार राशि का चेक प्रदान कियाद्य मौके पर उन्होंने कहा- आप सभी श्री हनुमान जी के चरित्र को आत्मसात करते हुए उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प ले । आप सभी इसी प्रकार सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंद्य मौके पर विजेता प्रतिभागियों के माता-पिता भी उपस्थित थे । कार्यक्रम में विजय शंखनाद संस्था के सचिव विपिन मौर्या ने भी भैया- बहनों को संबोधित कियाद्य गौरतलब है कि विद्यालय के तीनों विजेता प्रतिभागी विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय के दिशा निर्देश में प्रतियोगिता में भाग लिए थे ।

## न्यू मार्केट पीटीपीएस में हनुमान जन्मोत्सव मनाई गई



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत न्यू मार्केट शिव मंदिर के प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।जिसमे काफी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवधेश चौरसिया तथा संचालन समिति के कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा तथा महावीर अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ सुनील पंडित के द्वारा किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक सुरेश प्रसाद और मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में मंगलवार को मंगल जीवन के लिए भक्तों ने महावीर मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ज्योत पूजन किया। क्योंकि चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा के दिन ही हमारे आराध्य हनुमान जी का जन्म हुआ था। कार्यक्रम में मुख्य रूप सुरेश प्रसाद,राहुल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह,सुनीता देवी, मुस्कान देवी,नेहा कुमारी के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बारातियों पर वेटर की हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के हुप्पु में शादी समारोह के दौरान मटन के लिए मर्डर का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्या का कारण जानकार सब हैरान है कि आखिर मटन के लिए किसी का मर्डर कैसे हो सकता है।दरअसल, रामगढ़ के कोईरी टोली से गोला के हुप्पु गांव बारात आई थी। जब बारातियों ने खाना शुरू किया तो मटन की डिमांड ज्यादा होने लगी, बाराती पक्ष के लोग परोसे गये मटन से ज्यादा मटन की डिमांड करने लगे। इसके बाद जो वेटर मटन परोस रहा था उससे बारातियों की बहस हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट और कुर्सी टेबल फेंकने और तोड़ने तक मामला बढ़ गया। पूरा विवाह स्थल रणक्षेत्र में बदल गया। हर तरफ भागा-भागी और अफरातफरी की स्थिति बन गई। बारातियों से अपनी जान बचाने के लिए वेटर भागने लगा और कुएं में जा गिरा। शादी समारोह से गायब हुए वेटर की पूरी रात खोजबीन होती रही। बुधवार को कुएं के पास उसका चप्पल मिला। जब कुएं के अंदर देखा गया था वेटर का शव तैर रहा था। फिर मौके पर आई पुलिस ने गांव वालों के सहयोग से शव को कुएं से निकाला। मृतक के परिजन बारात पक्ष पर हत्या का आरोप लगा रहे है और प्रदर्शन कर रहे है। पुलिस ने वर और वधू पक्ष के साथ दुल्हा और दुल्हन को भी थाने बुला लिया है। इसके साथ ही शादी के दौरान फोटोग्राफी कर रहे शख्स को भी थाने में बैठाया गया है।

## पाकुड़ ने सरायकेला खरसावां को 18 रन से हराया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 1. में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकुड़ बनाम सरायकेला खरसावां के बीच खेला गया सरायकेला खरसावां ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया,पाकुड़ पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 40.1 ओवर मे 176/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें पाकुड़ के यश रंजन 39 रन एवं सुमीत सिंह 20 रन, सुशांत कुमार 25रन किया। सरायकेला खरसावां की ओर से गेंदबाज सागर कुमार यादव 10 ओवर में 38/4 विकेट एवं शुभम कुमार 6 ओवर में 30/2 विकेट मिला,। लक्ष्य की पीछा करने उतरी सरायकेला खरसावां ने 26.4 ओवर में 158/10 बनाकर ऑल आउट हो गया उनके मुख्य बल्लेबाज यशराज 40 रन सौरव सिंह 44 रन सागर कुमार 22 रन दीपू कुमार यादव 16 रन ही बना पाए और आज के मैच का विजेता बना पाकुड़ 18 रन से आज की मैच का विजेता बना। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जय रजक 7.4 ओवर 46/4 सागर कुमार यादव 10 ओवर में 38/4 विकेट अपने खाते मै डाले, पाकुड़ 18 रन से जीत कर ग्रुप ( ष्ठ) का विजेता बना। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया । मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष तथा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अरुण कुमार राय, वीरेंद्र प्रसाद पासवान उपेंद्र प्रसाद सिंह महेंद्र राणा उपस्थि थे,मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष, उमेश पाठक एवं सुरज प्रसाद अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी जय रजक पाकुड़ को भेंट किया।

## रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ-पुत्री गोष्ठी का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बाजार समिति के निकट स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बालिका शिक्षा के तहत मातृ ङ्क पुत्री गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिभावक माताओं के द्वारा किया गया। मौके पर गोष्ठी प्रमुख संगीता मिश्रा ने अभिभावकों एवं बहनों को संबोधित करते हुए कहा की हमारा व्यवहार बच्चियों के प्रति कुशल होना चाहिए। समय के साथ बच्चियों में होने वाले परिवर्तन को ध्यान में रखकर माताओं को अपनी बेटियों के साथ सामंजस स्थापित करना चाहिए।बच्चियों के साथ अधिक से अधिक समय बिताना चाहिए। उनकी आवश्यकताओं पर नकारात्मक रवैया ना अपनाएं, बच्चियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए तथा उचित सलाह भी देना चाहिए। मौके पर प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा की बच्चियों का सर्वांगीण विकास हो, वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, इस पर माताओ को सजग रहने की आवश्यकता है। बच्चियों के प्रति माताओ का व्यवहार मित्रता पूर्ण होना चाहिए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालिका शिक्षा प्रमुख रीता तिवारी, रेनू साह एवं अन्य आचार्य ,दीदी जी का सहयोग रहा।

## गोला थाना अंतर्गत पुराने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय न्यागलय खालिद राशीद आली अहमद न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ के न्यायलय कांड संख्या-539/2020 के वारंटी अभियुक्त जीतवरन महतो उम्र 34 वर्ष पिता स्व.रथु महतो साकिन सोनपैमरा थाना बरलंगा जिला रामगढ़ था माननीय न्यायालय से निर्गत वारंटी 2020 रात्रि में दिनांक 23 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया।



# रजरप्पा पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि एक काले रंग का ऑल्टो वाहन जिसका रजि0नं0-छ्ग्1224रू7773 में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन रामगढ़ जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र में किया जा रहा है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रजरप्पा एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग टीम बनाकर सतत् रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के दिशा-निर्देशन में गठित टीम के द्वारा उक्त वाहन का पीछा कर रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत लारी पनशाला मोड के पास उक्त गाडी को रूकवाया गया। जिसका जाँच करने पर उसमें काफी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे गये अंग्रेजी शराब बरामद किया गया वाहन चालक द्वारा उक्त शराब का कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया तो उनके द्वारा कुमार उम्र-30 वर्ष पे0-नन्द किशोर महतो ग्राम-मुरूबंदा, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ बताया। बिना वैध कागजात के अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करने के आरोप में चालक प्रेमचन्द को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त के विरूद्ध में रजरप्पा थाना काण्ड सं0-73/2024 दि0-23.04.2024 धारा-290 भा0द0वि0 एवं 47ए उत्पाद अधिनियम अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी में प्रमेश्वर प्रसाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ ,नवीन प्रकाश पाण्डेय, पु0नि0 सह थाना प्रभारी, रजरप्पा ,पु0अ0नि0 अखिलेश कुमार, रजरप्पा थाना , पु0अ0नि0 विकास कुमार, रजरप्पा थाना एवं रजरप्पा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## जिला परिवहन पदाधिकारी की अध्यक्षता में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा (आम) चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलांगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे अथवा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 08 वाहनों से कुल 2 लाख 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से वाहनों पर आवश्यक रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया। जांच के दौरान जिला परिवहन कार्यालय से विक्की आनंद सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## रामगढ़ मुक्ति धाम में महाकाल शिवयोगी की विशाल प्रतिमा का हुआ अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ गांधी धाट स्थित मुक्ति धाम संस्था में नवनिर्मित महाकाल शिवयोगी की विशाल प्रतिमा का अनावरण बिहार फाउंडरी स्टील लिमिटेड के मालिक की डा0 हरिकृष्ण बुधिया एवं गौरव बुधिया के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। पॅ बनवारी लाल शर्मा द्वारा सर्वप्रथम गणेश पूजा करवायी गई। संयोजक कमल बगड़िया ने कहा स्व अरुणा बुधिया की पावन स्मृति में भगवान महाकाल शिवयोगी की प्रतिमा बनवायी गई है। शमशान में आने वाले दुखीजन इसका दर्शन पाकर अपने मन में शांति का अनुभव करेंगे तथा पूर्वजों के लिये भी प्रार्थना कर पायेंगे। कोयम्बटूर में स्थापित आदियोगी की तर्ज पर महाकाल शिवयोगी की मूर्ति को बनाने में दो साल का समय लगा इस अवसर पर भी गोरव बुधिया ने कहा कि जहां भी अच्छे कार्य में योगदान की जरूरत होगी, मेरा सहयोग रहेगा। स्वागत शीत भारती बगड़िया ने प्रस्तुत किया। डा0 ए0 के बेरलिया तथा बजरंग बाल अग्रवाल ने दुपट्टा ओढ़ाकर बुधिया जी को सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष राजकु?मार अग्र?वाल एवं भाष्कर अग्रवाल ने शिवयोगी का मोमेंटो देकर बुधिया जी को सम्मानित किया। गुक्ति धाम संस्था के सदस्य एवं बुधिया जी से उस कार्य के लिये संयोजक कमल बगड़िया को सम्मानित किया। इस अवसर पर विजय पोद्दार, अरुण बुधिया, सुनील गाडोरिया ,महेश अग्रवाल ,निर्मल मुरारका, विशाल गाडोरिया, परशुराम शाह, ओम खंडेलवाल, संजय शर्मा, विनोद गर्ग, लाभचंद जैन, मथुगुप्ता, पुट्स कुमार, नरेश अग्रवाल, एच एन सोंथी, मीना बगडिया, वरुण बगडिया, अनिष अग्रवाल, गांधी कुमार, एस. एस. परशुराम पुरिया, शिवकुमार अग्रवाल, जे. के. शर्मा, विष्णु पोद्दार अनिल गोयल, रमेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, आशीष कटारिया गोविन्द मेवाड़, सुरेश कायम, अशोक गुप्ता, किशोर गुप्ता, राहुल जैन सुरेश पी अग्रवाल, डॉ शरद जैन, अजमल हुसैन, मानू चतुर्वेदी, श्याम शर्मा, कमल शर्मा, विनित शर्मा, अजय गुप्ता, सुभाष जैन रंजीत गुप्ता, सिमरन सोनी, अभिषेक अग्रवाल, मूर्तिकार आर0 के0 द्विवेदी, मनोज विश्वरीप, कामेश्वर सिंह, आदित्यनारायण त्रिपाठी, सुरेश बौदिया, राजेश कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। मुर्तिकार ए. के. द्विवेदी को सम्मानित किया गया। सुरेश बगड़िया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# राजस्व कर्माचारी के लिये 10 हजार घूस लेते चौकीदार गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** ऑनलाईन रसीद निर्गत करने के लिये रामगढ़ अंचल कार्यालय के हल्का कर्मचारी से काम कराने के एवज में चौकीदार को 10 हजार रूपये घूस लेते हजारीबाग एसीबी की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चौकीदार अनिल कुमार महली ने एसीबी की टीम को बताया कि रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम कराने के लिए लिये थे. इस बिन्दू पर फिलहाल एसीबी जांच कर रही है. एसीबी के अनुसार हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र स्थित चुरहू निवासी प्रेम शंकर मेहता हजारीबाग एसीबी को लिखित शिकायत किया था कि रामगढ अंचल अंतर्गत ग्राम वनखेता में स्थित 10 डी0 जमीन खरीदे है जिसका दाखिल खारिज हो गया तथा वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है. उक्त जमीन को अपने नाम से ऑनलाईन चढाने तथा ऑनलाईन रसीद निर्गत करने के लिये अंचल कार्यालय रामगढ में ये आवेदन दिये है. किन्तु कई बार अंचल कार्यालय जाने के बाद भी इनका काम नहीं हुआ है. कार्यालय का स्टाफ अनिल कुमार इस काम के लिए 25 हजार रू रिश्वत की मांग किये है. हजारीबाग एसीबी ने आवेदन के सत्यापन पदाधिकारी से कराया तो आरोपी अनिल कुमार द्वारा 25000 रूपये रिश्वत मांगने का आरोप सत्य पाया गया. सत्यापन में पाया गया कि पीड़ित प्रेम शंकर मेहता 10,000 रूपया देने को तैयार हुए तो आरोपी 10,000 रूपये देने पर काम करने को तैयार हुआ है तथा बोला है कि बाकी पैसे काम होने के बाद दे देना. सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर हजारीबाग एसीबी थाना (कांड सं0-06/24) में प्राथमिकी दर्ज किया गया. बुधवार को एसीबी की टीम रामगढ़ अंचल कार्यालय में अनिल कुमार महली को पीड़ित से 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा. आरोपी अनिल अंचल कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात है।

## श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने किया सभी अखाड़ों को मोमेंटो और शास्त्र देकर पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामनवमी में चलंत एवं स्थाई झाकियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने सभी अखाड़ों को आमंत्रित कर सम्मानित किया।उक्त बातों की जानकारी देते हुए महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की मंगलवार संध्या हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने चट्टी बाजार दुर्गा मंडप पर रामगढ़ के अमरदीप समिति,श्री श्री पवनसुत रामनवमी पूजा समिति,श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर विष्णु बाल समिति,भारती मंडली,सुभाष बाल मंडली,विशाल क्लब किला मंदिर,श्री पवनसुत मंदिर पुरनी मंडप के अध्यक्षों को मोमेंटो और शास्त्र देकर सम्मानित किया।जिसमे महासमिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी अखाड़ों के सदस्यों का अनुशासित और अथक परिश्रम के कारण रामनवमी भव्यता से संपन्न हुआ इसी कारण सभी को सम्मानित कर महासमिति उनका आभार व्यक्त करती है और जिन अखाड़ों के पदाधिकारी किसी कारणवश आज उपस्थित नही हुए उनके पास महासमिति के पदाधिकारी स्वयं जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे।साथ हीं उन्होंने कहा की रामगढ़ में रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में महासमिति के पदाधिकारियों सहित सभी पुलिस प्रशासन ने अपना अहम योगदान निभाया इसके लिए उन सभी का भी हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।

## भाजपा गिद्दी पंचायत एवम टोंगी पंचायत के सभी 14 बूथों का सर्वेक्षण का कार्य शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** भाजपा ने गिद्दी में पुरुषोत्तम पाण्डेय के आवासीय कार्यालय में 14 बुथों का सर्वेक्षण को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बुथ संख्या 94, 95, 96, 97, 98, 99, 100, 101,102, 103 एवं 80, 81, 82, 83 बूथों का सर्वेक्षण का कार्य किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से जिले से नियुक्त प्रभारी राजु चतुर्वेदी ने यह बैठक लिया। बैठक में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम पाण्डेय और वकील महतो भी थे। बैठक में सबसे पहले हर बूथ में सभी कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर उनको सूचीबद्ध किया गया। तत्पश्चात उन्ही कार्यकर्ताओं में से बूथ अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, की वोटर प्रमुख, पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख का चयन किया गया। चुकी गिद्दी के सभी बूथों में पूर्व से सभी बूथों पर बेहतर काम हो रखा था इसलिए थोड़े बहुत परिवर्तन से कार्य आसानी से संपन्न हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से नमिता कुमारी, धर्मेंद्र सिंह, चंदन सिंह, मुन्ना त्रिपाठी, उमेश बेदिया, मिर्णल दास, विजय मांझी, सुभम कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, इत्यादि उपस्थित थे।

## एनडीए प्रत्यासी मनीष जायसवाल ने उरीमारी में चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी में बुधवार को गर्मी के रौद्र रूप और धूप के कड़े तेवर के बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के 6 पंचायतों के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का समर्थन मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने आँगों, पोटंगा, उरीमारी, जरजरा और नयाटांड़ पंचायत के निमियाटोला, प्लांडू, कोयलंग, पतरा, अम्बाटोला, आंगो, उरेज कॉलोनी, असवा, तिलैया, भुरकुंडुवा, पारगढ़ा, उरीमारी हेसाबेड़ा, उरीमारी चिपहाउस कॉलोनी, उरीमारी चेकपोस्ट,जरजरा चौक, जरजरा बस्ती, पसेरिया, तलसवार, गांव का तुफानी दौरा कर स्थानीय लोगों से मोदी सरकार के जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यों की प्रगति को बरक़रार रखने के लिए आगामी 20 मई को कमल फूल छाप में मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील किया। इस दौरान उरीमारी पहुंचने पर स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने गाजे- बाजे के साथ गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कहीं पारंपरिक बाध्य यंत्र नगाड़े और ढोल की थाप पर लोग नाचते झूमते हुए स्वागत करते दिखे तो कहीं माता बहनों द्वारा आरती और फूलों से सजी थाली के साथ पहुंची और मनीष जायसवाल का आरती उतारकर और पुष्प- वर्षा कर अभिनंदन किया। वहीं मौके पर बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला मिडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद,आजसू नेता रोशनलाल चौधरी, कौलेश्वर गंझु, भाजपा नेता दिनेश करमाली,खेमलाल महतो, मुखिया नीलम मिंज,कृष्णा राम, सुमन गिरी, भवानी प्रसाद, धनलाल बेदिया, उषा देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग ने रामगढ़ को 58 रन से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का आज ग्राउंड 2. सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ व हजारीबाग के बीच खेला गया। हजारीबाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ 37 ओवर मे 178/10 विकेट खोकर रन बनाए। जिसमें अर्सदीप मेहता 65 रन बनाये पंकज कुमार 23 रन, जीवन कुमार मेहता 22 रन बनाएं। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज संयम शर्मा 10 ओवर 32 रन 4 विकेट, आलोक टुडू 5 ओवर 16/2 एवम हर्षित कुमार मेहता 6 ओवर 19/2 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 21.5 ओवर में 120/10 ऑल आउट हो गया पूरी टीम ! इनके मुख्य बल्लेबाज अंतरिक्ष कुमार 31 रन बनाएं, प्रिंस कुमार 18 रन बनाएं, हजारीबाग 58 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो. उज़ैर तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव सुरज प्रसाद उपेंद्र प्रसाद सिंह वीरेन्द्र प्रसाद पासवान एवम अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी जीवन कुमार मेहता हजारीबाग को भेंट किया।

## सीसीएल के रिवर साइड स्थित रीजनल वर्कशॉप में लगी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के सीसीएल बरका-सयाल अंतर्गत रिवर साइड स्थित रीजनल वर्कशॉप में भीषण आग लग गई। जिससे वर्कशॉप में पड़े कई पुराने और बेकार वाहन आग की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची सीसीएल की दमकल टीम ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 1ः30 बजे कर्मियों ने वर्कशॉप के पश्चिमी हिस्से से धुआं उठते देखा। देखते-देखते आग भड़क उठी और तेजी से फैलने लगी। परिसर में बेकार पड़े कई पुराने वाहन आग की चपेट में आ गये। जिससे वाहनों को काफी क्षति पहुंची है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। आग लगने से हुए नुकसान के संबंध में आधिकारिक रूप से कुछ भी साफ नहीं हो सका है।वहीं आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो काफी नुकसान हो सकता था।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई । इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया गया ।

## टुंडी पत्रकार दीपक पाण्डेय की पुत्री की विवाह में पहुंचे विधायक, नव वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रभात मंत्र के पत्रकार दीपक पाण्डेय की कनिष्ठ पुत्री कुमारी खुशबू पाण्डेय की शुभ विवाह में पहुंचे टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और नवदंपति को नये जीवन की शुरुआत करने की उपलक्ष्य में आशीर्वाद दिया और मंगल कामना की। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, झामुमो नेता मदन महतो भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय, पूर्व मुखिया माया देवी पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, आजसू के जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश राय, सीआई डी के सुमंत पाण्डेय अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय, पार्वती चरण पाण्डेय समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय, पीरटाड़ में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार प्रखंड कार्यालय, पीरटाड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के कर्मियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत प्रखंड के अन्य अधिकारियों/कर्मियों द्वारा रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा रक्तदान करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देते हुए भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 32 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी से रक्तदान करने के अपील की गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## साक्षरता कर्मी प्रकाश मिश्रा के निधन पर जेजीवीटी कार्यालय में शोक सभा



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद साक्षरता आंदोलन के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता, बरवाडा, गोबिंदपुर निवासी प्रकाश मिश्रा के असमायिक निधन पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कंचनपुर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए साक्षरता आंदोलन के बुनियादी सदस्य एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने कहा कि प्रकाश मिश्रा साक्षरता आंदोलन के बुनियादी साथी थे उनके निधन से धनबाद ने एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है। साक्षरता अभियान के बाघमारा प्रखण्ड समन्वयक भागीरथ सिंह ने कहा कि उनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी। दो मिनट का मोन रख के उनके मृत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर दीपनारायण शर्मा बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, योगेश्वर रवानी, मोहन रजक, कामेश्वर महतो, रामप्रसाद महतो, जानकी देवी, माधुरी देवी, कृतिबास प्रमाणिक, राधु राय, सुनील कुमार पाण्डेय, गोविन्द प्रश्र रवानी, सुनील प्रसाद,लखीमनी देवी , आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने नव दंपति को दिया सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने जिला संगठन सचिव गंधु हाड़ी की पुत्री की विवाह समारोह में शामिल होकर वर वधू को सुखद व्यवहार वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्य रूप से समारोह में उपस्थित जिला अध्यक्ष राजु हाड़ी, महिला अध्यक्ष अंजनी देवी, बिन्दु देवी, जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, महासचिव बुचु हाड़ी, उपाध्यक्ष बिरजू हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, संगठन सचिव डब्लू हाड़ी, उपसंगठन सचिव बादल हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी, जिला युवा समिति के अध्यक्ष अमित किशोर हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, संगठन सचिव छोटेलाल हाड़ी, महुदा मुरलीडीह शाखा अध्यक्ष मंगल हाड़ी, झरिया प्रखंड से उपाध्यक्ष भूटान हाड़ी, सुचना मंत्री विकाश हाड़ी, सक्रिय सदस्य शिबू हाड़ी, संतोष हाड़ी समेत बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### सूचना का अधिकार के प्रति घोर लापरवाही की शिकायत धनबाद उपायुक्त से

## पत्र जारी करने में लापरवाही का साक्षात उदाहरण पेश किया आरटीआई कार्यकर्ता ने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जल, जंगल और जमीन की लड़ाई मूलभूत लड़ाई होती है। आरटीआई कार्यकर्ता रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यालय में पदस्थापित सूचना अधिकार प्रथम अपील पदाधिकारी द्वारा पत्राचार मे घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। क्या है मामला जानें -

आरटीआई कार्यकर्ता रणजीत सिंह बबलू सिंह का कहना है की धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यालय में पदस्थापित सूचना अधिनियम एवं एपी लिए पदाधिकारी द्वारा पत्राचार में घोर लापरवाही की शिकायत करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिंह का कहना है की धनबाद के सांसद पीएन सिंह द्वारा एक पत्र उपयुक्त कार्यालय को दिया गया था। पत्र में बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा 12~30 हजार हरे हरे पेड़ों की अवैध कटाई सहित पांच प्रश्न किया गया था कि उस पर क्या कार्रवाई की गई है परंतु जन सूचना अधिकार के द्वारा जवाब नहीं देने के उपरांत प्रथम अपील की गई। अपील के लिए पदाधिकारी के पहले 6 फरवरी को एक पत्र जारी किया गया जो नहीं भेजा गया। बाद में 16 फरवरी को 24 की अपील पर सुनवाई की तारीख निश्चित किया है और 16 फरवरी को ही ऑर्डर भी पास कर दिया। श्री सिंह ने पत्र में कहा कि मुझे उसे वक्त आश्चर्य हुआ जब दिनांक 19 अप्रैल 24 को अपर समाहर्ता धनबाद के कार्यालय द्वारा मुझे इससे संबंधित दोनों पत्र प्राप्त हुए जिसमें मुझे 16 फरवरी को हाजिर होना था उक्त दोनों पत्र एक ही दिन 18 अप्रैल को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के कार्यालय राजस्व शाखा द्वारा डाक के माध्यम से मुझे प्रेषित की गई थी। उक्त पत्र में एक पत्र मुझे दिनांक 16 फरवरी को प्रथम अपील बाद में सुनवाई में उपस्थित होने के लिए था। दूसरा पत्र उक्त दिनांक 16 फरवरी को तारीख अंतिम निर्णय से संबंधित था गुप्त दोनों पत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व दिनांक 6 फरवरी को भी सुनवाई किया गया था परंतु उसकी जानकारी मुझे नहीं दी गई। यह घोर लापरवाही है जो अपील की सुनवाई में मुझे 16 फरवरी को हाजिर होना था लेकिन श्री सिंह को इससे संबंधित पत्र लगभग दो माह बाद प्राप्त हुआ है। श्री सिंह ने उपायुक्त से मामले को गंभीरता को देखते हुए दूसरी अधिकारियों पर कार्रवाई एवं अवैध पेड़ों की कटाई पर संज्ञान लेने की मांग की है। श्री सिंह ने दोनों पत्रों का ट्रैकिंग रिपोर्ट संलग्न कर विभाग को दिया है।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार एक की मौत, एक घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** तेज रफ्तार की कहर से एक कि गई जान एक गंभीर रूप से हुए घायल ताज मामला बगोदर थाना क्षेत्र सरिया रोड स्थित जमुनिया मोड की है जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई जिससे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए पुलिस व स्थानियें लोगों की मदद दोनों घायलों को भारी मसकत के बाद बाहर निकाल बगोदर ट्रांमा सेटर ले जाया गया जहां चिकित्सको ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया वहीं घटना को बताया जाता ही कि कार बगोदर से सरिया की ओर जा रहा था इसी दौरान जमुनिया मोड के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया गई जिसे एक व्यक्ति की मौत है मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा के तारानकों के उमेश मल्हार के रूप में हुई जबकि गंभीर रूप से घायल इसी गांव के महेन्द्र मल्हार के रूप की गई है घटना की सुचना मिलते ही जिप सदस्य दुर्गेश कुमार माले नेता प्रमेश्वर महतो अस्पताल पहुँच कर घटना के प्रति दुःख जताये।

## अवैध महुआ शराब के साथ एक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड के कोवाड - कोडरमा मुख्य मार्ग पर स्थित जुठहाआम मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान सरिया अनुमंडल पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन ने अवैध महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज को सौंप दिया। आपको बता दें कि गिरफ्तार अवैध महुआ शराब तस्कर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम बरहमोरिया निवासी लालू साव है। इस बीच पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भरकट्टा की ओर से एक बाइक में अवैध महुआ शराब लेकर एक व्यक्ति बिरनी की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के क्रम में जूठाहा आम मोड़ के पास बाइक रोका गया, जिसमें अलग - अलग ब्लैडर में लगभग 60 से 70 लीटर अवैध महुआ शराब मिला है। शराब व तस्कर लालू साव समेत एसपी होंडा साइन बाइक को जब्त कर ओपी भरकट्टा को सौप दिया गया है । वहीं ओपी प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब तस्कर के खिलाफ बिरनी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

### धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

## युवा कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है : अनूप सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कांग्रेस के प्रधान कार्यालय ब्लैक रोक होटल में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के सभी जिला पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, नगर, प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें धनबाद जिला युवा कांग्रेस ने कांग्रेस घोषणापत्र की पांच न्याय गारंटी युवा न्याय किसान न्याय श्रमिक न्याय नारी न्याय हिस्सेदारी न्याय को धनबाद लोकसभा में हर दरवाजे तक पहुंचाने के लिए बुधवार को चुनाव प्रचार अभियान कि शुरूआत की। धनबाद युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव ने धनबाद लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में बेरमो विधायक अनुप सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, इंटक नेता ए के झा के साथ इस अभियान की शुरुआत की। युवा अध्यक्ष ने कहा कि युवा कांग्रेस आज से सभी धनबाद संसदीय क्षेत्रों में डोर टू डोर पांच न्याय गारंटी का अभियान शुरू करेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि मैं खुद युवा कांग्रेस से पदाधिकारी रह चुका हूं और युवाओं का दर्द समझता हूं। एक सभ्य, सशक्त व मजबूत समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। युवा पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। युवा कमर कस लें मौजूदा हालात में हमें आगे आकर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। आगामी लोकसभा चुनाव सिर्फ दो राजनीतिक विचारधाराओं के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि भारत के संविधान और उनके अंतर्गत सिद्धांतों को बचाने की लड़ाई है।

कार्यक्रम मे युवा कांग्रेस के राजीव रंजन कुमार, लोकसभा प्रभारी विक्की कुमार, जिला उपाध्यक्ष तबरेज खान, महासचिव विक्की कुमार, कमल शर्मा, सूरज वर्मा, सोनू यादव, राजा खान, वसीम खान, गुलाम मुंतका, खुर्शीद अंसारी, अरुण दास, मजहर आलम, अनु अंसारी, दीपक यादव, टिंकू अंसारी, रवि सिंह, विशाल महतो, राहुल चौहान, राजीव पांडे, मुस्कान सिंह, युसूफ खान, कायदे आजम, जितेंद्र मोदक, गोलू पासवान, वसीम खान, माइकल खान, इत्यादि हजारों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एलईडी जागरुकता वाहन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया

### वैन के माध्यम से आमजनों को चुनाव संबंधी जानकारी दी गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के धनवार प्रखंड के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

## व्यवसाईयों का प्रतिनिधिमंडल जय मंगल सिंह से मिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बैंक मोड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स धनबाद जिला मोबाइल एसोसिएशन कृषि बाजार समिति के संयुक्त तत्वाधान में व्यवसाईयों का प्रतिनिधिमंडल बेरमो विधायक सह लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस अनुपमा सिंह के पति जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से मिला और धनबाद के ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। वार्ता मे सड़क जाम की समस्या, निर्बाध बिजली, स्वास्थ्य, रंगदारी, भय का वातावरण जिसके कारण व्यवसायिक पलायन कर रहे जिसे सुनकर विधायक अनूप सिंह ने कहा कि आप निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें। यहां किसी की भी रंगदारी नहीं चलनी दी जाएगी। अगर कांग्रेस की प्रत्याशी को आप लोगों का आशीर्वाद मिलता है तो मैं यह वादा करता हूं कि कंधे से कंधा मिला कर हर वर्ग के लोगों के साथ हर समय खड़ा रहूंगा और भय मुक्त धनबाद बनाऊंगा। धनबाद की ज्वलन्त समस्याओं का निराकरण की शुरुआत 1से 2 वर्षों के अंदर ही करके दिखाऊंगा यही अनुपमा की गारंटी होगी। बैठक में मुख्य रूप से बैंक मोड़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल, पूर्व चेंबर अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, मोबाइल एसोसिएशन के अमित दास, पवन गुप्ता, डॉ अनिल बारवाल, बाजार समिति के गौरव घर आदि कई व्यवसाय एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त चिन्हित वल्नरेबल बूथों में चलाया गया मतदाता संपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा प्रखंड अंतर्गत चिन्हित वल्नरेबल बूथ में मतदाता संपर्क अभियान चलाया गया। विदित हो कि बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277, 278 एवं 303 वल्नरेबल मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किए गए हैं। ए अलकडीहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 277 एवं 278 के चिन्हित वल्नरेबल मतदाताओं एवं ग्राम पंचायत सुरुंगा के मतदान केंद्र संख्या 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मिलकर उन्हें निर्भीक होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसी भी दबाव या अन्य प्रलोभन रहित होकर स्वतंत्र रूप से मतदान में भाग लेने के बारे में बताया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अविलंब सूचित करने को कहा गया है। मतदाताओं को विश्वास दिलाया गया कि मतदान की प्रक्रिया में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था उनके साथ है। उन्हें किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही क्षेत्र में मतदाताओं के बीच निरंतर अभियान चलाकर जागरूकता लाया जा रहा है।

## मतदाता पंजी में प्रविष्टि करने का दिया प्रशिक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज आज गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन कराया गया। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शम्भू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80 प्रतिशत मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है।

## बांद्रा, वडोदरा, वापी, पुणे, नई दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन के एक-एक फेरे का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को पटना से 21.30 बजे खुलकर डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04065 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दरभंगा से 20.30 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 20.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

3. गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 26.04.2024 को सहरसा से 07.00 बजे खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।

4. गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल- गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे खुलकर बापूधाम मोतीहारी, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते अगले दिन13.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

5. गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशल~ गाड़ी संख्या 09048 मालदा टाउन-वापी स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को मालदा टाउन से 20.00 बजे खुलकर मुंगेर, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 30.04.2024 को 02.00 बजे वापी पहुंचेगी ।

6. गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल~ गाड़ी संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को बरौनी से 10.20 बजे खुलकर समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 29.04.2024 को 07.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी ।

7. गाड़ी संख्या 09102 कटिहार-वडोदरा स्पेशल~ गाड़ी संख्या 09102 कटिहार-वडोदरा स्पेशल दिनांक 27.04.2024 को कटिहार से 15.00 बजे खुलकर खगड़िया, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज, गोरखपुर के रास्ते 29.04.2024 को 07.30 बजे वडोदरा पहुंचेगी ।

8. गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल : गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल दिनांक 25.04.2024 को दानापुर से 13.30 बजे खुलकर 26.04.2024 को 19.45 बजे पुणे पहुंचेगी ।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची**

**कार्यालय आदेश**

आदेश संख्या 31/दिनांक 23.04.2024

दिनांक–22.04.2024 को ICAR-NIHSAD Bhopal में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार,राँची के कुक्कुटों के जाँच के क्रम में ICAR-NIHSAD Bhopal के द्वारा H5N1 Avian Influenza की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा का खरीद–बिक्री नहीं होगी एवं इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

उपायुक्त
राँची

PR 324072 Ranchi (24-25)_D

## समीर उरांव के नामांकन जुलूस में 400 सौ पार स्लोगन के साथ नारे लगाए गए

# देश की विकास के लिए भाजपा का 400 मिशन पार जरूरी : भूपेंद्र सिंह पटेल

## सांसद सुदर्शन भगत ने मोदी के 400 सौ पार के नारे को जीत में बदलने का किया आह्वान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी राज्यसभा सांसद समीर उरांव के नामांकन कार्यक्रम में गुजरात के सीएम भूपेंद्र सिंह पटेल और वर्तमान के सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। नामांकन जुलूस के लिए गुमला शहरी क्षेत्र से सटे करौंदी मेला बगीचा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया था इस जनसभा में भागीदारी के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के समीर उरांव के नामांकन को लेकर जुलूस का काफिला निकला। जुलूस में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के झंडा पताका लेकर चल रहे थे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, समीर उरांव जिंदाबाद, सुदर्शन भगत जिंदाबाद, सीएम भूपेंद्र सिंह पटेल जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाई जा रहे थे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के स्लोगन की 400 सौ पार भाजपा 400 सौ पार का नारा भी लगाया गया। नामांकन के बाद भारतीय जनता पार्टी का सभा का आयोजन भी किया गया सभा को संबोधित करते हुए गुजरात के सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है और आने वाले लोकसभा के चुनाव में देश में 400 सौ पार का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिया गया है इस नारा को सफल बनाना हम सभी लोगों का लक्ष्य है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी वूथ के कार्यकर्ता और समर्थक सभी लोकसभा के चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और मत प्रतिशत वोट प्रतिशत बढ़ाकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजई बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में पदाधिकारी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दूल्हा का गाड़ी क्षतिग्रस्त कोई हताहत नही



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंदगडी मोड़ के समीप देर रात हुई सड़क दुर्घटना कोई हताहत नही सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंची पुलिस क्षतिग्रस्त वाहन को लाया गया थाना। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा सीमावर्ती स्थित कुंदगडी मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर डायवर्सन के समीप अनियंत्रित बराती गाड़ी पेड़ से जा टकराया जिसे घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए। क्षतिग्रस्त कार जे एच 03 ए एल 0321 को थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि पांकी थाना क्षेत्र से बराती लेकर सेन्हा थाना क्षेत्र के गढ़गांव सेमरटोली जाने के दौरान डायवर्सन के समीप अनियंत्रित हो दूल्हा का गाड़ी पेड़ से जा टकराया और पलट गया। इस घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। जबकि कार में सवार दूल्हा के परिवार को हल्की फुल्की चोटें आई है। इस संदर्भ में ए एस आई जमशेद खान ने बताया कि गस्ती के दौरान प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लिया गया। और क्षतिग्रस्त कार को घटने स्थल से लाकर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताते हुए उन्होंने कहा घटना में दूल्हे की बहन तथा सवार अन्य बच्चियों को हल्की चोटें आई है।

## कृष्णा सिंह के निधन पूरे समाज के लिए अपूर्णिय छती : सच्चिदानंद लाल अग्रवाल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के पूर्व विहिप अध्यक्ष श्री कृष्णा सिंह जी का निधन हो गया। श्री सिंह अपने कार्याकाल में विश्व हिंदू परिषद का अलख जगाने का काम सच्चे मन से किया एवं हर वर्ष श्री रामचरित मानस का कार्यक्रम लगातार करवाते चले आ रहे थे। समाज के युवा पीढ़ी में एक अलग प्रकार का ऊर्जा भरने का भी काम किया। इनकी निधन पूरे समाज को आहत कर गयी। इनकी मृत्यु की खबर पा कर विश्व हिंदू परिषद कि जिला टोली श्री चंदन गोयल विहिप विशेष संपर्क प्रमुख के अगुवाई में श्री कृष्णा सिंह के आवास में पहुंच कर शोक व्यक्त किया। मौके पर आर एस एस के प्रान्त संघ चालक श्री सचिदानंद अग्रवाल,विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, विहिप जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला मंत्री सतीश पाण्डे, जिला सह मंत्री रंजीत साहू, जिला विशेष संपर्क प्रमुख चंदन गोयल, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, विहिप नगर अध्यक्ष महेन्द्र महतो, पूर्व विधायक वा मुख्य संरक्षक श्री रमेश उरांव, सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, गुप्तेश्वर प्रसाद, सुधीर अग्रवाल, दिलीप पटनायक, शैलेश कुमार महतो, नंदलाल महतो, अभय महतो, रमेश साहू, अशोक प्रसाद, प्रेम प्रजापति, हरिओम प्रजापति,राजेश महतो, ब्रज बिहारी प्रसाद, उमेश कास्यकार, त्रिवेणी दास, अमरेश भारती, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, रोहित साहू, संजय नायक, गुंजन वर्मा, रंजीत लकड़ा, कन्हैया करवा, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, रमेश राय, हेमंत वर्मा, ओम महतो, दयाशंकर सिंह, अनिल उरांव, प्रदीप साहू, नितेश जयसवाल रामकुमार साहू विक्की कसेरा, अनुज महतो, बजरंग करुवा, सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, नगर अध्यक्ष दीपक साहू महामंत्री सुशील पटनायक निखिल कसेरा, गौरव हेहवंशी, कौशिक मेहता, वार्ड अध्यक्ष बिक्की महतो, संजय शर्मा, राहुल कुमार, रवि वर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज प्रसाद, सुनील नायक, गौतम नायक उपस्थित थे।

## लोहरदगा में इंडिया गठबंधन के जिलाध्यक्षों ने की बैठक, बनाई रणनीति

# जेएमएम के एक एक कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के साथ है : मुजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में मंगलवार शाम कांग्रेस, जेएमएम और राजद के जिला अध्यक्षों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, जेएमएम के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, राजद के जिला अध्यक्ष सुनील मेहता मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में सभी ने मिलकर एक स्वर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत से जिताने के लिए रणनीति बनायी। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि जिस तरह पूरे देश में भाजपा समर्थित दलों द्वारा नफरत फैलाई जा रही है, देश के संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। देश की संपत्ति को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी जा रही, ऐसी हालत मे देश और देश के संविधान को बचाने के लिए बचाने के लिए हर हाल में एनडीए की मोदी सरकार को हटाने की जरूरत है। जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि लोहरदगा में आज की इंडिया गठबंधन की बैठक मील का पत्थर साबित होगा। हमलोग बैठक कर ये संदेश देना चाह रहे है कि लोहरदगा झामोमो जिला समिति के एक-एक कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के साथ हैं। एक-एक कार्यकर्ता जीत दिलाने के किए तन-मन-धन से से कार्य करेगी।

# भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और विधायक चमरा लिंडा ने किया नामांकन पर्चा दाखिल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी बिशनपुर के विधायक चमरा लिंडा ने निर्दलीय नामांकन पर्चा किया दाखिल, यह पिछले एक चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी खड़ा होकर दूसरे स्थान पर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव का नामांकन जुलूस लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए समीर ने आज नामांकन पर्चा दाखिल किया। मौके पर गुजरात के सीएम और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत मौजूद थे। वहीं रामचंद्र भगत लोकहित अधिकार पार्टी से लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया गया। आज कल तीन नामांकन हुए कुल मिलाकर आज तक 10 नामांकन लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए हो चुका है। कल कांग्रेस के उम्मीदवार सुखदेव भगत 25 अप्रैल को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पर्चा दाखिला करने का सिलसिला चल रहा है कल 25 अप्रैल को नामांकन के सिलसिला का समापन हो जाएगा और 13 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के लिए वोटिंग का कार्य दिन भर चलेगा। यहां त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के आने से त्रिकोणीय मुकाबला संभव है।

# वरीय पदाधिकारी ने मीडिया कोषांग के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुजाता कुजूर, वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, लोहरदगा द्वारा आज मीडिया कोषांग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें प्रतिदिन की प्रेस कतरन, व्यय प्रतिवेदन, मीडिया मॉनिटरिंग (प्रिंट/ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/ सोशल मीडिया) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर शिवनन्दन बड़ाईक नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, आशीष कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग-सह-सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत मीडिया कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

## जफर खान के आवास पर आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल हुए सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष कुड़ू निवासी ज़फर खान के आवास में सोमवार की शाम ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदग़ा के पूर्व विधायक और लोकसभा के कॉग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत उनकी पत्नी नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत सहित प्रखण्ड के विभिन्न गांव के भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत का उपस्थित लोगों द्वारा स्वागत किया गया। सुखदेव भगत ने देश-प्रदेश में अमन और शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की जनता को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उपस्थित लोगों से अल्पसंख्यकों के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और मौजूदा राजनीतिक विषय पर चर्चा की। मौके पर उप प्रमुख एनुल अंसारी, शमीम खान, समसूल अंसारी, सदरुल अंसारी, यूनुस अंसारी, साहिल अहमद, आरिफ खान, गुड्डु खान, सबरेज़ आलम, फहद खान, हलीम अंसारी, कमरुल इस्लाम, हाशिम अंसारी, आज़ाद खान, डॉ खुर्शीद, आरज़ू खान, हिफजूल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अपने अपने आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र में मतदाता जागरूकता चलाए : परमुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास परियोजना के सुपर वाइजर परमुनी देवी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविकाओ की मासिक बैठक बुधवार को सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में शामिल सेविका से महिने भर का आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण आदि की खर्च का आय व्यय का उपयोगिता लिया गया। खर्च की सूची के साथ सामग्री खरीद रसीद लगाने का निर्देश दिया गया। वही सभी सेविकाओ को सुपरवाइजर ने कहा की अपने अपने पोषक क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाले साथ ही कहा की जो आंगनबाड़ी सेविका बी एल ओ है। वह मतदान के दिन बुथ पर विल चेयर या ट्राई साइकिल रखेंगे ताके वृद्ध एव दिव्यांग मतदाताओ को रेंप से पंहुचा कर मतदान कराएंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अपने क्षेत्र में करा कर और फोटो कार्यालय को भेजने को कहा गया। मौके पर सुपरवाइजर प्रमुनी देवी, अंगनी बेक, शहनाज खातून, सीता देवी, निर्मला देवी टिंकी देवी सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

## 93 प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर रेशमी गुप्ता ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी का परचम लहराया



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी का मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल अत्यंत उत्कृष्ट रहा। 91त्न से ऊपर 02 भैया बहनों ने परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं पर 5 भैया बहनों ने 85त्न से ऊपर परीक्षा फल प्राप्त किया, 52 भैया बहनों ने 60त्न से ऊपर अंक प्राप्त किया। 62 में से 59 भैया बहनों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल से पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष लाल उपेन्द्र नाथ शाहदेव, सचिव कृष्णा प्रजापति, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहु सहित सभी आचार्य आचार्या ने सभी भैया/ बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पंचायत प्रभारीयो ने की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडु प्रखंड के छोटकी चाँपी गांव में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारियो की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी ग्राम प्रभारियो को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने गांव में और अपने-अपने पंचायत में संगठन को मजबूत करेंगे और आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने हेतु कार्य करेंगे। आज की बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष लाल पंचम नाथ शाहदेव, जिला पदाधिकारी राजेंद्र लोहरा, प्रखंड एवं पंचायत प्रभारी कबीर अंसारी, शकील अंसारी, सिद्दीकी, विजय कुमार, राहुल महतो, गुडु सहित अन्य लोग शामिल थे।

## विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में किशोर भारती के चुनाव के लिए स्कूल के सभी दल से हुआ नामांकन पत्र दाखिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में किशोर भारती के चुनाव के लिए सभी दल से नामांकन पत्र दाखिल किया गया। एकलव्य दल से सेनापति पद के लिए श्रेष्ठ कुमार, सह सेनापति के लिए ओली हेम्बरोम, मंत्री के लिए अभिषेक नायक, सह मंत्री के लिए सिद्धांत बड़ाईक, अध्यक्ष के लिए अजीत साहू, उपाध्यक्ष के लिए सूरज कुमार सिंह, शिवाजी दल से सेनापति पद के लिए साहिल नायक, सह सेनापति पद के लिए सूरज सिंह, मंत्री पद के लिए निलेश सिंह, सह मंत्री पद के लिए पवन राम नायक, अध्यक्ष पद के लिए सुभाष महतो, उपाध्यक्ष पद के लिए रघुनाथ सिंह, आरूणि दल ने भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया है जिसमे सेनापति में संजीव कुमार, सह सेनापति में आयुष बड़ाईक, मंत्री में अनूप साहू, सह मंत्री में केदारनाथ सिंह, अध्यक्ष में राजु बड़ाईक, उपाध्यक्ष में अनुप महतो, भरत दल से सेनापति पद के लिए निशांत नायक, सह सेनापति पद के लिए शिवा नायक, मंत्री पद के लिए जागरनाथ सिंह, सह मंत्री पद के लिए सुदर्शन महतो,अध्यक्ष पद के लिए सुनील जोजो, उपाध्यक्ष पद के लिए असरित साहु, वहीं निर्दलीय में सेनापति में सुमित लोहार, सह सेनापति में सुमित सिंह, मंत्री में नैतिक बरला, सह मंत्री में मयंक कुमार महतो, अध्यक्ष में वीर हजाम, उपाध्यक्ष में सूर्या साहु ने प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु के पास नामांकन किया। प्रधानाचार्य ने सभी को प्रचार - प्रसार ठीक करने एवम विजयी होने का आशीर्वाद प्रदान किया। 03/05/2024 को मतदान होगा, और 04/05/2024 को मतगणना होगी।

# तेलंगा खड़िया के विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जाएगा : विधायक भूषण बाड़ा

## वीर शहीद तेलंगा खड़िया की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वीर शहीद तेलंगा खड़िया की पुण्यतिथि मंगलवार को घोड़बहार में मनायी गई। शहर के घोड़बहार स्थित वीर शहीद तेलंगा खड़िया स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा ने भी वीर शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर मर्ल्यापण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए व अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जाएगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत-शत नमन।वीर शहीद तेलंगा खड़िया अंग्रेजों के खिलाफ तथा जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई हुए शहीद हो गए थे। उस अमर शहीद ने लोगों को जीने का राह दिखाया। उन्होंने समस्त लोगों से वीर शहीद तेलंगा खड़िया द्वारा बताएं मार्ग पर अनुश्रण करने की अपील की। उन्होंने वीर शहीद तेलंगा खडिया के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सहित कई कांग्रेस नेताओं ने भी तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर मर्ल्यापण कर श्रद्धांजलि दी। जोसिमा खाखा ने वीर शहीद तेलंगा के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश सिंह,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, नगर प्रभारी शशि गुड़िया, सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अरबिंद लुगुन, विधायक प्रतिनिधि नीरोज बड़ा, तरसीला बिलुंग,डा. इम्तियाज हुसैन, रघुबीर प्रधान, जॉनी, शैलेस, बन्नू, जुली, आदि मौजूद थे।

## लड़की हूई मौसी घर से लापता सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा मुस्लिम बस्ती निवासी स्व हफीजुल अंसारी के पुत्र आविद अंसारी ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर अपनी मौसी का बेटी की लापता होने को लेकर सनहा दर्ज कराया है। वही आविद अंसारी ने आवेदन में कहा है की मेरी मौसी की लडकी 18 अप्रैल को लोहरदगा जिला अन्तर्गत बगडू थाना क्षेत्र के आनंदपुर ग्राम निवासी शमीम अंसारी की बेटी 25 वर्षीय तरन्नुम खातून सेन्हा मेरे घर आई थी। तथा 23 अप्रैल को सेन्हा स्थित मेरे घर से किसी को बिना बताये कही चली गई है। जिसे 23 अप्रैल को मेरी मां दोपहर में खाना खाने के लिए खोजने लगी तो वह घर में नही थी। परिवार के लोगों द्वारा अपने रिश्तेदार के यहां खोज बिन किया गया। जिसे कही पता नही चलने पर 24 अप्रैल को सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए लडकी को सही सलाम खोजने के लिए सनहा दर्ज कराया है। लडकी का हुलिया रंग सावली, ऊंचाई 5 फिट, सलवार सूट पहनी हुई है।

# चमरा लिंडा के नामांकन के साथ ही लोहरदगा की राजनीति में आया तूफान

राजेश गुप्ता @ प्रभात मंत्र

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा संसदीय सीट में पहली बार 1957 में चुनाव हुआ था। इसके बाद से अब तक 16 चुनाव हो चुके हैं। यह अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। इस सीट पर 1984 से अब तक लगातार कांग्रेस व भाजपा आपस में टकराते रही हैं। लेकिन जीत का आंकड़ा देंखे तो कांग्रेस सबसे अधिक सात बार जीती है,जबकि भाजपा छह बार लोहरदगा लोकसभा सीट जीत चुकी है।

हालांकि इस बार (2024) अगर भाजपा जीतती है तो वह कांग्रेस के बराबर आ जायेगी। वहीं लोहरदगा सीट से कांग्रेस के स्व कार्तिक उरांव, स्व सुमति उरांव व भाजपा के सुदर्शन भगत सबसे अधिक तीन-तीन बार चुनाव जीतने वाले सांसद हैं। सुदर्शन भगत ने 2009, 2014 व 2019 में लगातार तीन बार चुनाव जीत कर हैट्रिक बनाने वाले पहले सांसद हैं।जिले में वर्षो से चुनावी मुद्दा रहा लोहरदगा जिला में बाइपास सड़क का निर्माण शिलान्यास के डेढ़ साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। बाइपास सडक निर्माण की मांग लोहरदगा वासियों की बहुत पुरानी मांग है। कान्ट्रेक्टर द्वारा एनएच रांची के साथ 25 अगस्त 2022 को एकरारनामा किया गया था।

एकरारनामा के बाद से संवेदक के द्वारा काम शुरू नहीं किया गया है।जबकि इस काम को 25 अगस्त 2024 तक पूरा करना था। परंतु अभी भी ये अधर में लटका है। लोहरदगा में बाइपास सड़क निर्माण के लिए 25,610 डिस्मिल जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। लोहरदगा बाइपास लगभग 19.9 किलोमीटर की है। इसमें 10 किमी फोर लेन एवं शेष 9.9 किमी दस मीटर की सड़क का निर्माण किया जाना है। यह सड़क 17 गांवों से होकर गुजरेगी। वहीं गुमला जिला में भी बाइपास सड़क निर्माण अधूरी पड़ी है। इन दोनों जिला के लिए बाइपास सड़क हर चुनाव में पहला चुनावी मुद्दा रहा है। वहीं गुमला अब तक रेलवे लाइन से नहीं जुड़ सका है।

जबकि 1973 से गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग उठती रही है और सभी राजनीतिक पार्टियां इसे चुनावी मुद्दा बनाती रही हैं। गुमला व लोहरदगा जिले में पलायन, बेरोजगारी, सिंचाई का अभाव सबसे बड़ी समस्या है। अल्युमिनियम कारखाना की स्थापना की मांग दोनों जिला में लगातार उठती रही है। इस बार पुनः बाइपास, रेलवे लाइन, अल्युमिनियम का कारखाना की स्थापना की मांग चुनावी मुद्दा बनेगा। साथ ही वोटर भी नेताओं को घेरने के मूड में दिख रहे हैं। लोहरदगा लोकसभा का इलाका आदिवासी बहुल क्षेत्र है। इस सीट पर हर चुनाव में हार जीत का अंतर कम रहता है।वही दूसरी तरफ चमरा लिंडा के नामांकन के साथ ही लोहरदगा संसदीय सीट की राजनीति में तूफान आ गया है। जिसे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की राहें अब बहुत मुश्किल होने जा रही हैं। चमरा लिंडा ने 2009 और 2014 में कांग्रेस को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। तो क्या अब यह मान लिया जाए कि चमरा लिंडा के कारण 2024 का चुनाव भी कांग्रेस के लिए मुश्किल भरा हो सकता है। वही जनता की नजर में भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव के लिए रास्ता तो साफ दिखाई दे रहा हैं,पर असान भी नहीं है। कहीं ऐसा नहीं की इस बार 2024 के लोहरदगा लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा स्वयं बाजी न मार ले।

## सुखदेव भगत की मुश्किल बढ़ने की उम्मीद





# मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार वचनबद्ध

एजेंसी

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों की सबसे पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार, अबूझमाड़िया जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है। वन धन योजना लागू कर आदिवासियों को वनोपज का ऊँचा दाम देने का काम किया है। सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं। छत्तीसगढ़ में पहली बार कोई आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री बना है।अंबिकापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ये गौरव का विषय है कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री आज सरगुजा की धरती पर हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जननायक और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। जो देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए उनके सुख-दुःख की सदैव चिंता करते हैं।मुख्यमंत्री ने मंच पर बैठे प्रधानमंत्री से कहा कि उनकी दी हुई गारंटी पर विश्वास करके सरगुजा संभाग की जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया और संभाग की सभी 14 सीटों पर कमल खिलाया, साथ ही कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए उनकी सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है।

हमारी सरकार ने शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी है। 12 लाख किसानों को 2 साल का 3716 करोड़ रुपये का बकाया बोनस दे चुके हैं। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रुपये क्विंटल धान की कीमत दी है।साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। उन्होंने कहा कि रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी उनकी सरकार ने कर दी है। साथ ही 5500 रुपये प्रति मानक बोरा के दर से तेंदूपत्ता खरीद के आदेश भी दे दिए हैं और बोनस की शुरुआत भी कर दी है।

# प्रतिभा सिंह बेटे विक्रमादित्य के लिए आज से मंडी संसदीय क्षेत्र में मांगेगी वोट



एजेंसी

**शिमला :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी से सांसद प्रतिभा सिंह आज गुरुवार से अपने बेटे विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में मंडी संसदीय क्षेत्र के रामपुर विधानसभा हल्के में एक हफ्ते तक प्रचार करेंगी। इस बार कांग्रेस ने उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को मंडी लोकसभा सीट से कंगना रनौत के मुकाबले उतारा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनैतिक सचिव अमित पाल सिंह ने बताया कि प्रतिभा सिंह 25 अप्रैल से 1 मई तक रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगी। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक, वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा व अन्य पदाधिकारी भी साथ रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभा सिंह मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत रामपुर बुशैहर से इस चुनाव प्रचार का आगाज करेंगी। प्रतिभा सिंह 25 अप्रैल को जगोरी, कूट, क्यॉ व ज्योरी में जनसभाएं व पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक करेंगी। रात्रि विश्राम रामपुर रहेगा। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को प्रतिभा सिंह कोशगड मझेवली,फुंजा शाह, दोफादा, मशनू,बटाली, धारगोरा, पासड़ा व रचोली में जनसभाएं व पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें करेंगी। रात्रि विश्राम रामपुर ही रहेगा। 27 अप्रैल को प्रतिभा सिंह काशा, पाट, मुनीश,कुखी, शरनाल, रदोली, दरकाली व सेरिमझाली,स्यारला व तकलेच में जनसभाएं करेंगी।28 अप्रैल को सिंगला, शनेरी, ढांसा, लालसा,सुंधा व कराली जगुनी सनेई में जनसभाएं करेंगी। 29 अप्रैल को प्रतिभा सिंह नेरी,मझेवटी, फोला, प्लेडा, घाट वियोंथल, बेलू, मदोली, सुरड़, कंदरेडी, सुरड बंगलों, मोझीली टिप्पर व चकटी में जनसभाएं व जनसंपर्क करेंगी। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को पांडाधार, झिझनु, थैली, दादरा, लेलन, नवां, डोई, बराच बरकेली डोई, टूटू व देलठ् बेओठ, कलमोग करांगलाव चुंजा में जनसंपर्क व जनसभाओं को सम्बोधित करेंगी।प्रतिभा सिंह 1 मई को रामपुर में अलग-अलग संगठनात्मक बैठके करेंगी। इसमें ब्लॉक महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस व अनुसूचित जाति विभाग की बैठकें होगी।

# पलामू लोकसभा : भाजपा प्रत्याशी वीडी राम व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी ममता ने दाखिल किया नामांकन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन जारी है। इसी क्रम में पलामू लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बीडी राम ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। बीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में चुनाव है। पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी में भी 13 मई को मतदान होगा। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल व इंडी गठबंधन के पलामू लोकसभा उम्मीदवार ममता भुइयां ने हजारों समर्थकों के साथ समाहरणालय परिसर पहुंचकर पलामू उपायुक्त के समक्ष अपना नामांकन पत्र जमा किया।।ममता भुइयां के साथ राजद के अन्य नेता उनके समर्थन में नामांकन करवाने पहुंचे थे।

# अमेठी में हटाए गए रॉबर्ट वाड्रा के समर्थन वाले पोस्टर




एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेठी में रॉबर्ट वाड्रा के समर्थन वाले सभी पोस्टरों को हटा दिया गया है. आपको बता दें आज सुबह ही रॉबर्ट वाड्रा के समर्थन में अमेठी में अलग-अलग जगह ये पोस्टर लगाए गए थे. इन पोस्टरों में लिखा गया था कि अमेठी की जनता करे पुकार रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार. ये पोस्टर किसने लगवाए इसकी कोई सूचना नहीं है. पोस्टर के नीचे निवेदक के तौर पर अमेठी की जनता लिखा हुआ है. खास बात ये है कि ये पोस्टर उस वक्त लगवाए गए हैं जब अमेठी सीट को लेकर राजनीति के गलियारों में अमेठी लोकसभा सीट को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. कोई इस बार राहुल गांधी के फिर से अमेठी से चुनाव लड़ने का दावा कर रहा है तो कोई यहां से प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के चुनावी सफर की शुरुआत की बात कर रहा है. लेकिन इन तमाम तरह की अटकलों के बीच कांग्रेस ने अभी तक इस सीट से अपने किसी भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है.इन सब के बीच अमेठी में रॉबर्ट वाड्रा के समर्थन में पोस्टर लगाए गए हैं. बता दें कि अमेठी से कांग्रेस द्वारा कोई उम्मीदवार घोषित ना किए जाने पर अमेठी से भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सांसद तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और उनके बहनोई रॉबर्ट वाड्रा पर कटाक्ष करते हुए दावा किया था कि राहुल गांधी ने 15 वर्ष सांसद रहकर जितना काम करवाया था, उससे ज़्यादा वह सिर्फ़ पांच वर्ष में करवा चुकी हैं.

# लोस चुनाव : कोडरमा में भाजपा ने सात बार हासिल की है जीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा संसदीय क्षेत्र साल 1977 में अस्तित्व में आया था। उस समय से कई बार लोकसभा चुनाव हुए पर इसमें सबसे अधिक भाजपा ने यहां से सात बार जीत हासिल की है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कोडरमा परंपरागत सीट रही है। कोडरमा से भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा 4 बार और भारतीय लोक दल से एक बार, इसी पार्टी से बाबूलाल मरांडी एक बार, रविंद्र राय एक बार और अन्नपूर्णा देवी एक बार सांसद के रूप में चुने गए। कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने दो बार और जनता दल से मुमताज अंसारी ने एक बार जीत हासिल की। भाजपा से अलग होने के बाद बतौर निर्दलीय बाबूलाल मरांडी ने एक उपचुनाव और झारखंड विकास मोर्चा से एक बार जीत हासिल की है। सन 1977 में लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा, वर्ष 1980 में पुनः भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1984 में कांग्रेस पार्टी से तिलकधारी सिंह, 1989 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1991 में जनता दल से मुमताज अंसारी, 1996 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1998 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा और 1999 में कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने जीत हासिल की। 2004 में हुए चुनाव में भाजपा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद चुने गए परंतु 2006 में उन्होंने भाजपा को छोड़ दिया और उपचुनाव में बतौर निर्दलीय सांसद चुने गए। उसके बाद 2009 में हुए चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद बने। 2014 में बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा से चुनाव नहीं लड़ा और तब भाजपा से डॉ रविन्द्र कुमार राय सांसद के रूप में चुने गए। साल 2019 में राजद से भाजपा में शामिल होने पर अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया और एक बार फिर पार्टी को जीत हासिल हुई।

# पीएफआई का समर्थन ले रहे हैं वाम दल व कांग्रेस : अमित शाह



एजेंसी

**अलाप्पुझा (केरल) :** बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल में कांग्रेस और सत्तारूढ़ वाम दल पर बुधवार को जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि दोनों दल राज्य में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' का समर्थन ले रहे हैं। अमित शाह ने आरोप लगाया कि पीएफआई की राजनीतिक शाखा 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) ने खुले तौर पर केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को अपना समर्थन देने की घोषणा की, वहीं वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पीएफआई पर प्रतिबंध पर चुप है। उन्होंने अलाप्पुझा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन के पक्ष में प्रचार किया।

शाह ने चुनावी रैली में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को पीएफआई जैसे संगठनों से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कम्युनिस्टों और कांग्रेस के शासन के दौरान राज्य में आतंकवादियों को संरक्षण मिला। शाह ने कांग्रेस और वाम दल पर भी हमला किया और कहा कि ये दल केरल और पश्चिम बंगाल में एक-दूसरे से लड़ने का दिखावा करते हैं जबकि देश के अन्य हिस्सों में वे साथ हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि दुनिया और भारत में कम्युनिस्ट खत्म हो गए हैं और इसी तरह देश में कांग्रेस का भी पतन हो रहा है। उन्होंने दावा किया,यह भाजपा का वक्त है। भाजपा नेता ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और केरल को हिंसा से मुक्त कराने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि सभी सर्वेक्षणों से संकेत मिल रहे हैं कि पूरा केरल मोदी के साथ है। राज्य में 26 अप्रैल को मतदान होना है और आज प्रचार का आखिरी दिन है। शाह अलाप्पुझा रिक्रिएशन ग्राउंड के हेलीपैड पर एक हेलीकॉप्टर से पहुंचे और वहां से सड़क मार्ग से रैली स्थल पुन्नप्रा कार्मेल ग्राउंड गए।

# सीमांचल की चार लोस सीटों पर राजनीतिक सरगर्मी तेज, यहां जीत हार में मुस्लिम वोटरों की अहम भूमिका

एजेंसी

**भागलपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुस्लिम संबंधी बयान के बाद सियासी पारा परवान पर है। पक्ष-विपक्ष दोनों इसे भुनाने की कोशिश में जुट गए हैं। देशभर में छिड़ी बहस के साथ ही सीमांचल में भी लोकसभा की चार सीटों पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी इस बयान को माध्यम बना मुस्लिम मतदाताओं को गोलबंद करने में पीछे नहीं दिख रहे। सीमांचल की चार सीटों में सबसे अधिक मुस्लिम वोटरों की संख्या किशनगंज में 65 प्रतिशत है। इस चुनावी दंगल में यहां तीनों उम्मीदवार सूर्यापुरी बिरादरी के हैं। तीनों ने चुनावी रण जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस सीट से एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं पार्टी प्रमुख ओवैसी लगातार अपने तीखे भाषणों से वोटरों को लामबंद करने में लगे हैं। जबकि भाजपा ने ओवैसी की राजनितिक शक्ति को कमजोर करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन को मैदान में उतारा है। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. जावेद के समर्थन में वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान वोटरों को साधने में लगे हैं। इनके लिए आरजेडी विधायक इजहार स्फी, अंजार नईमी और सऊद आलम भी प्रचार-जनसंपर्क में जुटे हैं। वहीं जदयू प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी राज्य सरकार के मंत्री जमा खान ने उठा रखी है। चुनाव कैम्पेन में वह सधे तरीके से वोटरों को समझा-मना रहे हैं।

**कटिहार में ये हैं कांग्रेस का बड़ा चेहरा:** सीमांचल में कटिहार की स्थिति थोड़ी अलग है, कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर बड़े चेहरे माने जाते हैं। यहां कांग्रेस का कोई बड़ा अल्पसंख्यक चेहरा उनके प्रचार में सामने नहीं आया। वे अपनी बिरादरी के स्थानीय नेताओं पर ही भरोसा करते दिख रहे हैं। मुस्लिम वोट की गोलबंदी को लेकर जहां वे निश्चिंत हैं। वहीं हिन्दू वोट में सेंधमारी की तैयारी भी दिख रही है। इसके लिए राजद नेता तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी ने कटिहार में रह कर बेहतर फील्डिंग की है। यहां जदयू प्रत्याशी दुलाल चंद गोस्वामी के पक्ष में जदयू के कुछ अल्पसंख्यक नेता मुस्लिम वोट में सेंधमारी करने की जुगत लगातार लगा रहे हैं।



**किशनगंज, अररिया में कितने फीसदी मुस्लिम वोटर:** ये नेता अल्पसंख्यक वोटरों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियतों का पाठ पढ़ा रहे हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो किशनगंज में अल्पसंख्यक वोटरों की संख्या 65.08 प्रतिशत है। अररिया में यह संख्या 41.83 प्रतिशत है। कटिहार में 42.73 प्रतिशत मुस्लिम वोटर हैं, जबकि पूर्णिया में महज 24.27 फीसद अल्पसंख्यक वोटर हैं। वर्तमान राजनितिक परिवेश में 2019 के मुकाबले इस बार मुसलामानों के गोलबंद होकर मतदान करने की संभावना अधिक दिख रही है। अबकी बार मुस्लिम समुदाय में जाति या उपजातियों का राजनितिक महत्व बढ़ गया है। भाजपा द्वारा पसमांदा की लामबंदी जोर पकड़ने से विपक्षी खेमे में अपने वोटरों को एकजुट रखने का दबाव बढ़ गया है।

**अररिया में राजद-भाजपा में टक्कर:** अररिया में राजद और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। सीमांचल के गांधी कहे जाने वाले तस्लीमुद्दीन के पुत्र शाहनवाज यहां से राजद प्रत्यशी हैं। वे राज्य सरकार में मंत्री भी रहे हैं।